#HamarTiranga हमर तिरंगा

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात

प्रदेश के साथ पूरा देश...

हर घर तिरंगा 75 Azadi Ka Amrit Mahotsav

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 10 अगस्त 2022, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-165 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

स्वयं से लड़ें, बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना? स्वयं पर विजय पाकर आनंद मिलता है।

आज बेबाक

महाराष्ट्र में शिवसेना ने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन कांग्रेस और राकांपा के साथ मिलकर सरकार बना ली थी। इसी तरह बिहार में जदयू में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। सरकार भी बनाई लेकिन अब जदयू में भाजपा का साथ छोड़कर राजद व कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। इसमें ताज्जुब वाली कोई बात नहीं है। मोहब्बत और अदावत की तरह सियासत में भी सब जायज है। दोस्त कब दुश्मन बन जाए और जानी दुश्मन जिगरी दोस्त बन जाए कुछ नहीं कहा जा सकता। बकौल घुंघरू सेठ- सब आपस में मिले हुए है जी।

सूर्योदय

उदय : 5 :47 प्रात:

अस्त : 7 :04 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,966,311,308

भारत: 1,409,101,930

बाजार

सेंसेक्स : 58853.07

निफ्टी: 17525.10

गोल्ड : 52,470 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 59,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.51 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	28.2	24.4
बिलासपुर	31.8	25.6
जगदलपुर	29.5	22.2
अंबिकापुर	23.4	23.5

आज का दिवस

विश्व शेर दिवस

विश्व शेर दिवस हर साल 10 अगस्त को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। विश्व शेर दिवस जानवरों के राजा और उनके संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। उनके साहस, बुद्धि, शक्ति और भव्यता के कारण, शेर अक्सर राष्ट्रीय ध्वज, और शाही प्रतीकों तथा संस्कृतियों में आदेश, शक्ति या अधिकार दर्शाने वाले प्रतीकों पर प्रदर्शित होते हैं। विश्व शेर दिवस 2013 में शुरू किया गया था। बड़ी बिल्ली के बारे में आईयूसीएन रेड लिस्ट में बड़ी बिल्ली को लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। राजसी जानवर, बाघ के बाद फेलिडे (बिल्ली परिवार) का दूसरा सबसे बड़ा सदस्य है।

लागू हुआ पेसा कानून, सीएम बोले- अब अपने जल-जंगल-जमीन का फैसला खुद लेंगे आदिवासी

- राज्य में पेसा कानून लागू होने से बढ़ेगा ग्राम सभा का अधिकार
- विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस से एक दिन पहले अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत अधिकारों का विस्तार-पेसा नियम-2022 लागू कर दिया। इसके साथ ही यह कानून छत्तीसगढ़ में लागू हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को कहा, छत्तीसगढ़ में पेसा अधिनियम को लेकर नियम बन चुका है। इससे आदिवासी अपने जल-जंगल-जमीन के बारे में खुद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई

विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई, आदिवासियों को वन अधिकार के पट्टे प्रदान किए गए जिसके तहत अभी तक पांच लाख पट्टे वन अधिकार के तहत दिए जा चुके हैं। आदिवासियों के हितों का ध्यान रखने के लिए और योजनाओं का समय पर क्रियांवयन करने के लिए जन जागरण अभियान कैलेंडर का विमोचन किया गया है।

300 बंद स्कूलों को शुरू करने का किया काम

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि शिक्षा के मामले में भी हम आगे बढ़ रहे हैं, हमने बस्तर के 300 बंद स्कूलों को शुरू करने का काम किया है और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए राज्य में 10 हजार नए शिक्षकों की भर्ती भी होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिम संस्कृति छत्तीसगढ़ की पहचान है और आदिवासियों का आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आदिवासियों के सारे योगदान को सहेज कर रखना चाहते हैं और इसके लिए भाषा, संस्कृति सभी कुछ सहेजने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

बिहार में नीतिश का इस्तीफा

भाजपा अगल-थलग, सात दलों के साथ मिलकर बनेगी नई सरकार

पटना (ए.)। बिहार में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया जब नीतीश कुमार ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। मंगलवार शाम करीब 4 बजे नीतीश, राज्यपाल फागू चौहान से मिलने पहुंचे और अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने कहा कि हमने एनडीए छोड़ दिया है, एनडीए छोड़ने के लिए सभी सांसद और विधायक राजी थे। उनसे बातचीत के बाद हमने ये फैसला लिया। उन्होंने ये भी बताया कि अब आरजेडी के साथ नई सरकार बनाएंगे। उन्होंने ने 160 विधायकों के समर्थन का दावा किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

सूबे में पिछले तीन दिनों से जारी राजनीतिक उठापटक का दौर आखिर दौर में पहुंच गया। जिस तरह से आरसीपी सिंह का मामला हुआ और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस्तीफा दिया उसके बाद से ही सूबे में घमासान तेज हुआ। ये साफ लगने लगा कि बिहार में एनडीए गठबंधन टूट की कगार पर है। अब इस पर मुहर लग गई। मंगलवार को जेडीयू विधायकों और सांसदों के साथ नीतीश कुमार की अहम बैठक हुई। दूसरी ओर विपक्षी पार्टी आरजेडी ने भी पार्टी विधायकों के साथ राबड़ी आवास पर बैठक की। इसी बैठक के बाद अब नीतीश ने बड़ा फैसला ले लिया।

ललन सिंह के साथ राबड़ी देवी से मिलने पहुंचे नीतीश

नीतीश कुमार, पूर्व सीएम राबड़ी देवी से मिलने पहुंचे। उनके साथ ललन सिंह भी मौजूद रहे। वहीं आठवीं बार सीएम बनने का दावा पेश करने तेजस्वी यादव के साथ नीतीश कुमार दोबारा राजभवन जा सकते हैं।

राजभवन से निकलकर राबड़ी आवास पहुंचे सीएम नीतीश

राज्यपाल फागू चौहान को इस्तीफा देने के बाद नीतीश जब राजभवन से बाहर निकले तो उन्होंने कुछ बातें भी कहीं। उन्होंने कहा कि हम एनडीए में थे और अब एनडीए के मुख्यमंत्री पद से मैंने इस्तीफा दे दिया। साथ ही उन्होंने आरजेडी के साथ सरकार बनाने की भी बात कही। इसके बाद नीतीश कुमार सीधे राबड़ी आवास पहुंचे।

महाराष्ट्र कैबिनेट का विस्तार 18 नए चेहरे शामिल

मुंबई (वार्ता)। एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का पद संभालने के करीब 40 दिनों के बाद मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करके 18 नये चेहरों को शामिल किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस राज्य के उप मुख्यमंत्री हैं और दोनों पार्टियों के बीच 50-50 के फॉर्मूले पर मंत्रियों ने आज शपथ ली। शिंदे की नई टीम में सभी मंत्री करोड़पति हैं। सबसे अमीर मालाबार हिल्स सीट से भाजपा विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा हैं। भाजपा और शिवसेना (शिंदे समूह) के 18 नए मंत्रियों ने राजभवन में शपथ ली। कैबिनेट में शामिल होने वालों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल, राधाकृष्ण विखे पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, सुरेश खाड़े, गिरीश महाजन, रवींद्र चव्हाण, मंगल प्रभात ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट की दो टूक, जिला स्तर पर नहीं घोषित कर सकते अल्पसंख्यक

नई दिल्ली (ए.)। एक याचिका के जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिला स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान करना कानून के विपरीत है क्योंकि धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों पर विचार राज्य स्तर पर होना चाहिए। न्यायमूर्ति यूयू ललित और न्यायमूर्ति एसआर भट्ट की पीठ ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम-1992 को चुनौती देने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की है।

'इस याचिका पर सुनवाई नहीं की जाएगी': दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में शीर्ष अदालत से अनुरोध किया गया है कि वह केंद्र को निर्देश दे कि जिला स्तर पर अल्पसंख्यकों को परिभाषित करे और उनकी पहचान के लिए दिशानिर्देश जारी करे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता से तो टूक कहा कि इस याचिका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश, बस्तर में बिगड़े हालात

- 24 घंटों के लिए रायपुर, दुर्ग, कवर्धा समेत अन्य जिलों में यलो अलर्ट जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछले तीन दिनों से हो रही बरसात रुक-रुक कर जारी है। मंगलवार को भी राजधानी रायपुर, दुर्ग, सुकमा समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग ने 72 घंटों के लिए अलर्ट जारी किया था। अनुमान सटिक बैठा और प्रदेश के लगभग सभी जिलों में जमकर बारिश हुई। वहीं आगामी 24 घंटों के लिए मौसम विभाग ने यलो व ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, बालोद, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धमतरी में पानी में बहा ट्रक

धमतरी जिले में लगातार हो रही वर्षा से सेंदूर नदी के पास गट्टासिल्ली-सिहावा पुल ऊफान पर है। पुल के ऊपर से पानी का तेज बहाव है, इसके बाद भी पुल पार कर रहे सामग्री से भरा ट्रक पानी के तेज बहाव में बह गया। ट्रक चालक व हेल्पर ट्रक के ऊपर आया और पानी में फंस गया। घटना की खबर के बाद पुलिस व ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर दोनों की जान बचाई। घटना के बाद मार्ग में पुलिस जवानों की तैनाती भी की गई है। वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।

'भारत छोड़ो' की 80वीं बरसी पर कांग्रेस का नया नारा, 7 सिंतबर से 'भारत जोड़ो' यात्रा

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस ने कहा है कि उदयपुर घोषणा पत्र के अनुसार पार्टी का कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो' यात्रा अगले महीने सात सितम्बर से शुरु होगी।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज ही के दिन नौ अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के नेतृत्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'भारत छोड़ो' आंदोलन शुरू किया था और उसके पांच साल बाद देश को आजादी मिली। इस ऐतिहासिक घटना के 80 साल बाद कांग्रेस सात सितंबर से अपनी कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो' यात्रा शुरू करेगी जो 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर 150 दिन में 3,500 किमी की दूरी तय करेगी। राहुल गांधी सहित कांग्रेस के नेतागण और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे।

रेप के आरोप में मिर्ची बाबा गिरफ्तार

- 22 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया, बोले मुझे झूठा फंसाया जा रहा है

ग्वालियर। कमलनाथ की सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री वैराग्य नंद गिरी महाराज उर्फ मिर्ची बाबा को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है. बताया जा रहा है कि, आज सुबह भोपाल पुलिस टीम ग्वालियर पहुंची, जहां ग्वालियर क्राइम ब्रांच की टीम के साथ बाबा को एक होटल से पकड़ लिया है. भोपाल कोर्ट में पेश किए जाने के बाद उन्हें 22 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

मिर्ची बाबा का विवादित बयान: हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने वाले निर्माताओं का सिर काटकर लाने वाले को 20 लाख का इनाममिर्ची बाबा होटल से गिरफ्तार: मिर्ची बाबा के खिलाफ भोपाल के महिला थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज है. पीड़ित महिला ने आरोप लगाया था कि, मिर्ची ने बच्चे पैदा होने का झांसा देकर नशे की गोलियां खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था. इसी को लेकर आरोपी मिर्ची बाबा को पकड़ने के लिए भोपाल की पुलिस टीम बीती रात ग्वालियर पहुंची. जहां सुबह बाबा को एक होटल से गिरफ्तार कर अपने साथ भोपाल ले गई है.

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फ्लोरिडा स्थित घर पर एफबीआई का छापा

इंटरनेशनल डेस्क। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के घर एफबीआई ने छापा मारा है। ट्रम्प ने अपने एक बयान में बताया कि एफबीआई ने सोमवार को फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित उनके मार-ए-लागो घर पर छापा मारा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एफबीआई के कई एजेंट्स ने ट्रम्प के घर को घेर लिया है और उनके घर की तलाशी ली जा रही है। खुद डोनाल्ड ट्रम्प ने इस रेड की पुष्टि की है।

उन्होंने इस बारे में एक बयान भी जारी किया है। ट्रम्प के दो करीबियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स से बातचीत में कहा कि यह रेड बिना किसी नोटिस के की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस वक्त एफबीआई एजेंट्स ने मार-ए-लीगो पर छापा मारा, उस वक्त खुद ट्रम्प वहां नहीं थे। बताया जाता है कि वो फिलहाल न्यूजर्सी में हैं। यहां वो एक केस के सिलसिले में गए हैं।

गरमा-गरम

बदलाव... **भाजपा में लंबे समय से बदलाव की चल रही थी चर्चा, 2023 विस चुनाव के मद्देनजर बड़ा बदलाव**

विष्णुदेव की छुट्टी, सांसद साव को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष की कमान

- लंबे समय से चल रही थी संगठन में बदलाव को लेकर चर्चा,

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को हटा दिया गया है। उनकी जगह बिलासपुर सांसद अरुण साव को भारतीय जनता पार्टी का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी आधिकारिक घोषणा की। विज्ञप्ति के अनुसार, 'भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरुण साव को छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।' संगठन में बदलाव को लेकर लम्बे समय से चर्चा चल रही थी। सूत्रों के मुताबिक चार दिन पहले दिल्ली में एक बैठक हुई थी। इस बैठक में प्रदेश भाजपा प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के अलावा खुद विष्णदेव साय समेत अन्य पदाधिकारी व नेता शामिल थे। इसी दौरान विष्णुदेव को प्रदेश संगठन में बदलाव करने की जानकारी दे दी गई थी। छत्तीसगढ़ में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए यह एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। चर्चा यह भी है कि आने वाले दिनों में कुछ बदलाव और भी हो सकते हैं।

तीन बार प्रदेशाध्यक्ष की साय ने संभाली कुर्सी

विष्णुदेव साय की बात करें तो उन्हें तीन बार छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। इससे पहले 2006 से 2009 और फि र 2013 तक व जून 2020 से अब तक पार्टी की कमान उनके हाथ में रही। 1999 से 2018 तक रायगढ़ से सांसद रहे। विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बने एनडीए (2014-2019) की सरकार में छत्तीसगढ़ से केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी उन्हें जगह मिली थी।

नए प्रदेशाध्यक्ष के बारे में जानिए...

वहीं छग के नए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव साहू समाज व ओबीसी वर्ग से आते हैं। अरुण साव का जन्म 25 नवंबर 1968 को मुंगेली के लोहड़िया गांव में हुआ। स्कूली शिक्षा मुंगेली में हुई। बीकॉम एसएनजी कालेज मुंगेली और एलएलबी बिलासपुर से किया। 1998 में दशरंगपुर से जनपद पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ा। 1996 से मुंगेली और 2001 में उच्च न्यायालय बिलासपुर में वकालत किया। 2004 में छत्तीसगढ़ शासन के पैनल लॉयर, 2005 से 2007 तक उप शासकीय अधिवक्ता, 2008 से 2013 तक शासकीय अधिवक्ता और 2013 से 2018 तक उप महाधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पद पर कार्यरत रहे। वर्तमान में वे बिलासपुर लोकसभा के सांसद भी हैं।

संपादकीय

बिहार में नीतिश कुमार ने पलटी बाजी

जैसी की संभावना थी बिहार में वही हुआ। नितिश कुमार ने आखिरकार बिजेपी के साथ गठबंधन तोड़ दिया और वे राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन का हिस्सा बन गए। उन्होंने राज्यपाल से मिलकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और इसी के साथ अब बिहार की भाजपा व जदयू के गठबंधन वाली सरकार सत्ता से बाहर हो गई है। महागठबंधन ने नितिश कुमार को अपना नेता चुन लिया है और अब वे महागठबंधन की ओर से फिर से राज्यपाल के सामने अपनी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। नितिश कुमार ने पहली बार पलटी नहीं मारी है इसके पहले भी वे कभी राजद के साथ तो कभी भाजपा के साथ गठजोड़ करते रहे है। इसी वजह से उन्हे लालू यादव ने पल्टू राम की उपाधी दी थी। बहरहाल अब बिहार की राजनीति में बदलाव देखने को मिलेगा। कल तक नितिश कुमार और तेजस्वी यादव के बीच छत्तीस का आंकड़ा चल रहा था और अब दोनों मिलकर वहां सरकार चलाएंगे। नितिश कुमार ने एकाएक बाजी नहीं पलटी है। इसकी योजना बहुत पहले से बन रही थी और भाजपा को भी इसकी पूरी जानकारी थी लेकिन भाजपा ने नितिश कुमार को मनाने की कोई कोशिश नहीं की। इसका मतलब साफ है कि भाजपा खुद ही नितिश कुमार से अपना पिंड छुड़ाना चाह रही थी लेकिन भाजपा गठबंधन तोड़ना का इल्जाम अपने माथे पर नहीं लेना चाह रही थी और वह धैर्य पूर्वक इस बात की प्रतीक्ष कर रही थी कि नितिश कुमार खुद होकर गठबंधन तोड़े, आखिरकार वही हुआ। भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के बाद नितिश कुमार ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि भाजपा उनका अपमान कर रही थी और भाजपा बिहार में जदयू को तोड़ना चाह रही थी। इसी वजह से उन्होंने भाजपा के साथ रिश्तो तोड़ लिया है और वे फिर से महागठबंधन में शामिल हो रहे है। इसके लिए भाजपा पर दोषारोपण करते हुए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष लल्लन सिंह ने गड़े मुर्दे उखाड़ते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा ने पहले चिराग पासवान के जरिए जदयू को कमजोर करने की कोशिश की थी जिसकी वजह से ही पिछले विधानसभा चुनाव में जदयू की सीटें कम हुई थी। अब भाजपा आरसीपी सिंह के जरिए जदयू को तोड़ना चाह रही थी। इसी वजह से जदयू ने भाजपा से किनारा किया है। जदयू नेताओं के इन आरोपों पर अभी तक भाजपा ने कोई जवाब नहीं दिया है। दरअसल भाजपा अभी वेट एण्ड वाच की निति अपना रही है। भाजपा की नजर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर है। अब भाजपा अकेले अपने दम पर बिहार में लोकसभा की सभी सीटों पर लड़ेगी और उसका मुकाबला महागठबंधन से होगा जिसमें राष्ट्रीय जनता दल, जदयू, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां शामिल रहेंगी। लोकसभा चुनाव के दौरान भी सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन में मतभेद उभर सकते है जबकि भाजपा अकेले चुनाव लड़ेगी तो इसका लाभ मिल सकता है। बहरहाल यह तो बाद की बात है लेकिन फिलहाल बिहार में नितिश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार तीन साल का कार्यकाल पूरा कर पाएगी या नहीं इसे लेकर भी अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। नितिश कुमार जो अब तक जितनी बार भी मुख्यमंत्री बने उन्होंने गृह विभाग अपने पास ही रखा था लेकिन अब उपमुख्यमंत्री बनने जा रहे तेजस्वी यादव ने गृह विभाग पर अपना दावा ठोक दिया है और विधानसभा अध्यक्ष पद भी राजद को ही दिए जाने की मांग की है। मंत्रीमण्डल के गठन को लेकर भी विवाद की स्थिति बन सकती है, ऐसी स्थिति में महागठबंधन की यह सरकार यदि कागज की नांव साबित हो तो कोई ताज्जुब नहीं होगा जिसका देर तक और दूर तक जा पाना मुश्किल होता है।

राजेश माहेश्वरी

भारतीय रिजर्व बैंक का कहना है कि 2021-22 से 2026-27 के बीच कई राज्यों के कर्ज में कमी आने की उम्मीद है। राज्यों की ग्रॉस स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) में कर्ज की हिस्सेदारी घट सकती है। गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक और ओडिशा की सरकारों का कर्ज घटने का अनुमान है। हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी जिनका कर्ज 2026-27 तक जीएसडीपी का 30 फीसदी से ज्यादा हो सकता है। इनमें पंजाब की हालत सबसे खराब होगी। उस समय तक पंजाब सरकार पर जीएसडीपी का जीएसडीपी का 45 फीसदी से ज्यादा कर्ज हो सकता है। वहीं, राजस्थान, केरल और पश्चिम बंगाल का कर्ज क्रैक् के 35 फीसदी तक होने की संभावना है। राजनीतिक दलों द्वारा वोटों के ध्रुवीकरण के लिए मुफ्त सेवाएं देने की योजनाएं बनाना राष्ट्र को पतन की ओर धकेलने के समान है। इस मामले में कोई भी दल एक-दूसरे पर उंगली उठाने लायक नहीं है। हमाम में सब एक जैसे हैं। ऐसी योजनाओं से लोगों में अकर्मण्यता पैदा होती है।

रेवड़ी संस्कृति पर प्रभावी रोक की जरूरत

चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों द्वारा सत्ता के लालच में लोकलुभावन वादों की झड़ी लगा दी जाती है। यानी जनता के लिए सब ओर मुफ्त की रेवड़ियां तैयार होती हैं। देश के माननीय ये सब सुविधाएं कहां से लायेंगे। ऐसे में विदेशी कर्ज की गठरी लगातार भारी होती जाती है। अर्थव्यवस्था बढ़ते अतिरिक्त व्यय के भार से चरमराने लगती है। हालांकि चुनाव के बाद ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने इन चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। न्यायालय ने केंद्र सरकार, नीति आयोग, वित्त आयोग, भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य सभी हितधारकों को इस गंभीर मसले पर विचार-मंथन करने और रचनात्मक सुझाव देने का आग्रह किया है। साथ ही एक विशेषज्ञ निकाय बनाने का निर्देश भी दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुफ्त के इन उपहारों पर लगातार चिंता जता रहे हैं। इसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी ने यह फैसला लिया है कि आने वाले चुनावों में वह अपने घोषणा-पत्र में मुफ्त में दिए जाने वाले उपहारों का वादा नहीं करेगी। उसके नेता भाषणों में भी चुनावी रेवड़ियां बांटने की बात नहीं करेंगे। अब तक ये लोक-लुभावन वादे भाजपा समेत सभी दल जन कल्याणकारी योजनाओं के बहाने करके, जीतने पर अमल में लाते रहे हैं। हालांकि 70 प्रतिशत वादे पूरे नहीं हो पाते हैं।

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा, कृष्ण मुरारी और हिमा कोहली की पीठ ने इस मुद्दे के समाधान के लिए केंद्र सरकार को उपाय सुझाने हेतु एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का भी निर्देश दिया है। यह न्यायालय भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। उपाध्याय ने राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए दिए जाने वाले उपहारों की घोषणाओं पर प्रतिबंध लगाने और ऐसे दलों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पीठ ने कहा है कि यह गंभीर मुद्दा है और चुनाव आयोग या सरकार यह नहीं कह सकते हैं कि वे इसमें कुछ नहीं कर सकते।

केंद्र सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि 'सैद्धांतिक रूप से याचिकाकर्ता की दलीलों का समर्थन करते हैं। इन लोक-लुभावन वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। अतएव इस पर चुनाव आयोग से भी सुझाव लिए जाने चाहिए।

फिलहाल न्यायालय ने आयोग को शामिल नहीं किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। राजनेताओं की दानवीर कर्ण की यह भूमिका स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ों में मट्ठा घोलने का काम कर रही है। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया दूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। वैसे भी इन वादों की हकीकत जमीन पर उतरी होती तो पंजाब में 7000 किसानों ने आत्महत्या न की होती, क्योंकि पंजाब में किसान कल्याण के सबसे ज्यादा वादे अकाली दल ने सरकार में रहते हुए किए थे। अफ्लातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने कई घोषणाएं की, लेकिन अब मुफ्त की घोषणाओं के कारण वहां कर्ज बढ़ता जा रहा है।

रेवड़ी कल्चर से कैसे देश के राज्य कर्ज में डूबते जा रहे हैं। हाल ही में पंजाब सरकार ने हर परिवार को हर महीने 300 यूनिट फ्री बिजली और हर वयस्क महिला को हर महीने 1 हजार रुपये देने की योजना शुरू की है। इन दोनों योजनाओं पर 17 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। लिहाजा, 2022-23 में पंजाब का कर्ज 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होने का का अनुमान है। आरबीआई ने चेताया है कि अगर खर्च और कर्ज का प्रबंधन सही तरह से नहीं किया तो स्थिति भयावह हो सकती है। 'स्टेट फाइनेंसेस: अ रिस्क एनालिसिस' नाम से आई आरबीआई की इस रिपोर्ट में उन पांच राज्यों के नाम दिए गए हैं, जिनकी स्थिति बिगड़ रही है। इनमें पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल है।

आरबीआई ने अपनी इस रिपोर्ट में 'कैग' के आंकड़ों के हवाले से बताया है कि राज्य सरकारों का सब्सिडी पर खर्च लगातार बढ़ रहा है। 2020-21 में सब्सिडी पर कुल खर्च का 11.2 फीसदी खर्च किया था, जबकि 2021-22 में 12.9 फीसदी खर्च किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, सब्सिडी पर सबसे ज्यादा खर्च झारखंड, केरल, ओडिशा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में बढ़ा है। गुजरात, पंजाब और छत्तीसगढ़ की सरकार ने अपने रेवेन्यू एक्सपेंडिचर का 10 फीसदी से ज्यादा खर्च सब्सिडी पर किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब राज्य सरकारें सब्सिडी की बजाय मुफ्त ही दे रहीं हैं। सरकारें ऐसी जगह पैसा खर्च कर रहीं हैं, जिनसे उन्हें कोई कमाई नहीं हो रही है। फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री यात्रा, बिल माफी और कर्ज माफी, ये सब 'फ्रीबाइस' हैं, जिन पर राज्य सरकारें खर्च कर रहीं हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक का कहना है कि 2021-22 से 2026-27 के बीच कई राज्यों के कर्ज में कमी आने की उम्मीद है। राज्यों की ग्रॉस स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) में कर्ज की हिस्सेदारी घट सकती है। गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक और ओडिशा की सरकारों का कर्ज घटने का अनुमान है। हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी जिनका कर्ज 2026-27 तक जीएसडीपी का 30 फीसदी से ज्यादा हो सकता है। इनमें पंजाब की हालत सबसे खराब होगी। उस समय तक पंजाब सरकार पर जीएसडीपी का जीएसडीपी का 45 फीसदी से ज्यादा कर्ज हो सकता है।

योगेश कुमार गोयल

मीराबाई 17 साल की उम्र में जूनियर चैम्पियन बन गई थी और जिस कुंजुरानी को बदौलत उन्होंने सपने भी भारोत्तोलक बनने का निश्चय किया था, उसी कुंजुरानी के 12 वर्ष पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को उन्होंने 2016 में 192 किलोग्राम वजन उठाकर तोड़ दिया था। 2014 में ग्लास्गो कॉमनवेल्थ खेलों में 48 किलो भारवर्ग में चानू ने भारत के लिए रजत पदक जीता था। रियो ओलम्पिक में पराजय के बाद मीराबाई ने 2017 में अनाहेम में हुई विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में कुल 194 किलो (स्नैच में 85 और क्लीन एंड जर्क में 107) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता था। इसके लिए उन्हें वर्ष 2018 में राजीव गांधी खेल रत्न और उसके बाद पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया। 2018 में कॉमनवेल्थ खेलों में भी वह स्वर्ण जीतने में सफल हुई और उसी साल सीनियर महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में भी दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। 2020 में ताशकंद एशियाई चैम्पियनशिप में मीराबाई को कांस्य पदक हासिल हुआ था।

महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी चानू की सफलता

राष्ट्रमंडल खेलों का समापन हो गया है और इस बार के राष्ट्रमंडल खेलो में भारतीय भारोत्तोलकों ने जिस प्रकार भारतीय झंडे को ऊंचा रखा, वह देश के लिए गर्व की बात है। वेटलिफ्टिंग में 55 किलोग्राम भारवर्ग में संकेत ने रजत पदक जीता, जो इस बार के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला पदक था। 61 किलोग्राम भारवर्ग में 269 किलोग्राम भार उठाकर गुरुराजा ने कांस्य पदक जीता। उसके बाद महिलाओं के 49 किलोग्राम भार वर्ग में मीराबाई चानू ने स्वर्ण पदक जीतकर तो इतिहास रच दिया क्योंकि राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह पहला स्वर्ण पदक था। बर्मिंघम में सोना जीतने वाली मीराबाई चानू भारत की पहली महिला और जेरेमी लालरिनुंगा देश के पहले पुरुष एथलीट बने। जहां तक मीराबाई की बात है तो उन्होंने 2018 में गोल्डकोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भी सोना जीता था और पिछले साल टोक्यो ओलम्पिक में रजत पदक जीत चुकी हैं।

मीराबाई कॉमनवेल्थ गेम्स में शुरू से ही विश्वास से भरी नजर आ रही थी और उन्होंने स्नैच राउंड के बाद ही 12 किलो की भारी-भरकम बढ़त बना ली थी। वह शुरू से ही स्वर्ण पदक की पोजीशन पर बरकरार थी और 49 किलोग्राम भार वर्ग में 201 किलो वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स में सोना जीतकर उन्होंने इस श्रेणी में नया रिकॉर्ड भी बनाया। दरअसल चानू ने स्नैच में 88 किलो जबकि क्लीन और जर्क में 113 किलो वजन उठाया। स्नैच का इस श्रेणी में यह राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड है। अपने पहले प्रयास में मीराबाई चानू ने स्नैच में 84 किलो वजन उठाया और दूसरे प्रयास में वह 88 किलो वजन उठाकर स्वयं के ही सर्वश्रेष्ठ की बराबरी करने में सफल रहीं। हालांकि उन्होंने तीसरे प्रयास में 90 किलो वजन उठाने का भी प्रयास किया लेकिन उसमें सफल नहीं हुई। राष्ट्रमंडल खेलों में पूरे देश को उनसे ऐसे ही स्वर्णिम प्रदर्शन की उम्मीद थी। सोना जीतने पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें असाधारण बताते हुए कहा है कि प्रत्येक भारतीय बर्मिंघम खेलों में उनके नया रिकॉर्ड बनाने तथा स्वर्ण पदक जीतने से हर्षित है और उनकी यह सफलता अनेक भारतीयों के लिए प्रेरणा है, खासकर उभरते खिलाड़ियों के लिए। मणिपुर की 27 वर्षीया स्टार वेट लिफ्टर मीराबाई चानू की यह जीत भारत के लिए इसलिए भी बड़ी उपलब्धि है क्योंकि उन्होंने इन खेलों में लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतकर हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा किया है। इससे पहले पिछले साल ओलम्पिक खेलों में भी रजत पदक जीतकर उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया था। चानू पीवी सिंधु के बाद दूसरी ऐसी भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, जिसने ओलम्पिक के अब तक के इतिहास में रजत पदक जीता। टोक्यो ओलम्पिक के पहले ही दिन चानू की जीत भारत के लिए इसलिए भी गौरवान्वित करने वाली थी क्योंकि इससे पहले भारत ओलम्पिक खेलों में पहले दिन कभी कोई पदक जीतने में सफल नहीं हुआ था। चानू की ऐतिहासिक जीत के बाद भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया था और ऐसी उपलब्धि देश को उससे पहले कभी हासिल नहीं हुई थी। हालांकि 2016 के रियो ओलम्पिक में हार के बाद चानू को गहरा सदमा लगा था और उस हार के बाद वह इस कदर टूट गई थी कि उन्हें लगने लगा था कि ओलम्पिक में उनका सफर वहीं खत्म हो गया है। हार के बाद चानू मंच से रोती हुई गई थी लेकिन टोक्यो ओलम्पिक के लिए उनके बुलंद हौंसलों का परिचय तभी मिल गया था, जब उन्होंने ओलम्पिक की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में लिखा था, 'मेहनत लगती है, चोट भी लगती है, असफलता का अनुभव होता है....लेकिन सफलता की राह कभी भी किसी के लिए आसान नहीं होती।' रियो ओलम्पिक की हार की हताशा से उबरने के बाद चानू बुलंद हौंसलों के साथ ऐसी 'आयरन लेडी' बनकर उभरी कि ओलम्पिक में भारोत्तोलन में उन्होंने न केवल भारत का 21 वर्ष का सूखा खत्म किया बल्कि भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बनीं। उसी की बदौलत ओलम्पिक खेलों के पहले ही दिन टोक्यो में पोडियम में भारतीय तिरंगा शान से लहराया। मणिपुर के नोंगपेक काकचिंग गांव में 8 अगस्त 1994 को जन्मी मीराबाई चानू हालांकि बचपन में तीरंदाज बनना चाहती थी लेकिन शायद उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था, जो उसे वेटलिफ्टिंग की ओर ले गई। दरअसल आठवीं कक्षा की पाठ्य पुस्तक में उन्होंने जब इम्फाल की ही रहने वाली भारत की विख्यात भारोत्तोलक कुंजुरानी देवी के बारे में पढ़ा तो उन्होंने भी उसी की भांति भारोत्तोलक बनने और देश के लिए कुछ विशेष करने का निश्चय किया। कोई भी भारतीय महिला भारोत्तोलक अब तक कुंजुरानी से ज्यादा पदक नहीं जीत सकी थी। जब चानू ने भारोत्तोलक बनने का निश्चय किया, उस समय तक उन्हें ओलम्पिक खेलों के बारे में कुछ नहीं पता था, तब उनका एक ही सपना था कि वह इस खेल में कोई बड़ा सा पदक जीतें।

विचार

पुलिस में बड़े बदलावों के बावजूद

हजारों साल की सभ्यता वाले राष्ट्र के लिए 75 साल बहुत बड़ा समय नहीं है, पर भारत के संदर्भ में देखें, तो पिछली तीन-चौथाई सदी में जो कुछ इस महादेश में घटा है, वह अविश्वसनीय हद तक अद्भुत है। इनमें कुछ परिवर्तन तो सभ्यता संबंधी हैं। मसलन, 75 वर्ष खत्म होते-होते यह संभव हुआ है कि देश की जनसंख्या स्थिर होने के कगार पर पहुंच गई है या पहली बार हुआ कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक, आबादी में पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या अधिक हो गई है। इतने सारे परिवर्तनों के बीच यह कैसे संभव होता कि आम नागरिकों के जीवन को सबसे अधिक प्रभावित करने वाली संस्था पुलिस इनसे अछूती रह जाती? पुलिस भी बदली और खूब बदली, पर यह देखना दिलचस्प होगा कि उसके अंदर होने वाला बदलाव क्या सिर्फ ऊपरी रह गया और उसकी अंतर्वस्तु में कोई बुनियादी फर्क नहीं आया या उसमें कुछ ऐसे गुणात्मक परिवर्तन हुए, जिनसे आम नागरिक और उसके रिश्ते सभ्य समाज के अनुकूल हो गए हों? यह बहुत स्पष्ट है कि इन 75 वर्षों में आकार और संसाधनों के मामले में पुलिस ने जबर्दस्त तरक्की की है। उदाहरण के लिए, यदि हम आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश को लें, तो एक मोटे अनुमान के अनुसार, 1947 से अब तक पुलिस बल की संख्या दस गुनी से अधिक बढ़ी है। संसाधनों में बढ़ोतरी को समझने के लिए सिर्फ एक उदाहरण काफी है। आजादी के कुछ वर्ष पहले प्रदेश के एक जिले सीतापुर में पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात रहे दो आईपीएस अधिकारियों ने अपने संस्मरणों में मौका मुआयने के लिए देहातों में घोड़े पर बैठकर जाने का जिक्र किया है। न सिर्फ परिवहन के साधनों, बल्कि हथियारों, संचार के संसाधनों, भवनों या वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं के क्षेत्र में भी जबर्दस्त विस्तार हुआ है। यह अलग बात है कि आबादी की बढ़ोतरी इस विस्तार को कई बार अपर्याप्त बना देती है, पर देश के पास उपलब्ध संसाधनों के मद्देनजर इस वृद्धि पर संतुष्ट हुआ जा सकता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ये मत कहो कि दूर

ये मत कहो कि दूर हूँ। ये मत कहो मजबूर हूँ। प्रेम हूँ मैं आस हूँ। प्रिय मैं विश्वास हूँ। नयनों का मैं स्वप्न हूँ। तुम्हारा प्रिय दर्पण हूँ मैं। साँसों में मैं ही बसी स्मृतियों में वास हूँ। हूँ सुगन्ध अस्तित्व की। प्रिय मैं तुम्हीं में हूँ रमी। बह चलो अब साथ मेरे जूं प्रेम की नदिया बही। अनजान हूँ ये मत कहो पहचान हूँ आभास हूँ। झाँकर देखो हृदय में। मैं तुम्हारे पास हूँ..हां, मैं तुम्हारे पास हूँ।

- सविता वर्मा 'ग़ज़ल'

गुनहगार बना देते

गुनहगार बना देते हैं लोग शराफ़त बेच कर बाजार में जैसे इल्ज़ाम लगाया गया मुझ पर उस बात का जो मैंने कही नहीं बन गया उस नदी का किनारा जो असल में कभी बही नहीं रास्ता खाली करवाना बेइमानों के लिए मेरे ख्याल से कतई भी सही नहीं।

- प्रवीण माटी

ख़ास पाती

बाग में फूल थे तोड़ रहे पदवाप

बाग में फूल थे तोड़ रहे पदवाप सुने सिय आवन के। फूल थे मौन सभी तरु पे है झूमि उठे सिय आवन से। देखि दशा तरु फूलन के ललचाय गये मन भावन के। देखन चाह रहे छबि सुंदर रूप अनूप लुभावन के। लखि सुंदर रूप लुभाय गये सिय की उपमा शशि गांवन लागें। बड दोष अहै शशि में सुनलो लघु भाइन लागें बतावन लागें। फिर सो उपमा सिय और नहीं मन जीत मनोज जतावन लागें। हिय रूप बसाय सिया रघुनाथ कारण यज्ञ जनावन लागें ॥। तात सुता मिथिला पति के यह जेहि कारण तो धनु यज्ञ रच्यो है। पूजन गौरि सखी संग लै जहि परकाश प्रसून हुलास भरयो है॥ जासु बिलोकि अलौकिक रुप तव मोर मना अति छोभ भयो है । सो सब कारण जान बिधी शुभ सुंदर अंग अभी फरवयो है।

- अजय मिश्रा अभिज्ञ

मैं चुप रहती थी तुम सुन लेते थे

मैं चुप रहती थी तुम सुन लेते थे वो आवाज /बात थी क्या आवाज / बात थी मैं यहां थी तुम वहां थे वो नजदीकियां थी क्या गजब नजदीकियां थीं मैंने आंखों से कहा तेरे दिल ने सुना वो अहसास भी क्या गजब के एहसास थे. अब कुछ फर्क नहीं तुम पास पास या साथ साथ कोई बोले, कुछ भी बोले कुछ सुनाई नहीं देता ये अनसुनापन भी क्या गजब का अनसुनापन है।

- डॉ अर्चना खण्डेलवाल

मजबूरी में बीजेपी से गठबंधन

मजबूरी में बीजेपी से गठबंधन किए, मजबूरी में तोड़ दिए,मजबूरी में आरजेडी के साथ चले गए,फिर मजबूरी में बीजेपी के साथ आ गए अब मजबूरी में फिर आरजेडी के साथ जा रहे हैं,मजबूरी मतलब...बहार ही बहार है नीतिस कुमार है।

- हितेश शर्मा

तुम्हारी याद का मारा ग़मों से

तुम्हारी याद का मारा ग़मों से दिल नहीं हारा ज़माना हो भले दुश्मन न छोड़ा तुम करोगे मन जुर्मां अपनी गगन अपना कहीं संसार है सारा तुम्हारी याद का मारा ग़मों से दिल नहीं हारा मुहब्बत रंग दिखलाए, सदा अम्बर तलक जाए तुम्हारे साथ लगता है नज़ारा हर तरफ़ प्यारा तुम्हारी याद का मारा ग़मों से दिल नहीं हारा हमेशा के लिए आओ मेरी धड़कन ही बन जाओ तुम्हारी रूह चूमूं मैं जो तुमने मुझपे दिल वारा तुम्हारी याद का मारा ग़मों से दिल नहीं हारा।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

रहें है आज तक हम इंसान बनकर

रहें है आज तक हम इंसान बनकर हम इसी बहुत नुकसान नादान बनकर ये दुनिया चंद दिनों का है ठिकाना मगर रहते कहाँ हम मेहमान बनकर।

-प्रीति श्रीवास्तव

बिखरे हुए ख्वाबों को फिर से

बिखरे हुए ख्वाबों को फिर से संजोते हैं चलो ऐ जिंदगी हम फिर से तुझे जीते हैं दोस्तों के कहकहे न जानें किधर गुम गये चलो आज खेतों में मुस्कान बोते है चलो ऐ जिंदगी हम फिर से तुझे जीते है।

- प्रतिमा शर्मा

थक-हार के रोजाना ये शाम दिल

थक-हार के रोजाना ये शाम दिल का ये करार बन जाती है चाँद देख लूँ आसमां में तो और आसान बन जाती है. सरसराती हवा, तरसती आँखे दिनभर की थकान ढेरो ये बातें ख़ामोशी समझ ग़र लिख जाए.. तो इश्क़ सुकूँ बफ़ बन जाती है।

- नंदिता तनुजा

QUIZ TIME

1) श्रीलंका के किस शहर में बौद्ध विहार है जहाँ महात्मा बुद्ध के दाँत सुरक्षित हैं?

2) राज्यसभा सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया भारतीय संविधान में किस देश से ली गई है?

3) 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में टीम इंडिया के ध्वजवाहक के रूप में किसे चुना गया है?

4) सप्त ऋषि आश्रम डीपाडीह छत्तीसगढ़ के किस जिले में स्थित है?

5) 1916 में कांग्रेस लखनऊ अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी?

उत्तरमाला- (1) कैंडी (2) दक्षिण अफ्रीका (3) पी.वी.सिंधु (4) बलरामपुर (5) अंबिका चरण मजूमदार

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1809 : इक्वाडोर को स्पेन से स्वतंत्रता (आजादी) मिली। 1822 : सीरिया में आए भूकंप से लगभग 20,000 लोगों की मौत हो गयी। 1831 : कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस में चक्रवाती तूफ़ान आया था जिसमें 1500 लोगों की मौत हो गई थी। 1894 : देश के चौथे राष्ट्रपति वी.वी.गिरी का जन्म हुआ था। 1966 : अमेरिका ने अंतरिक्ष में रॉकेट उतारने के लिए उपयुक्त स्थान का चित्र लेने पहला अंतरिक्ष यान भेजा था। 1962 : बच्चों का चहेता स्पाइडर मैन कॉमिक बुक 'अमेजिंग फैंटेसी' में नजर आया। 1977 : ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने कड़ी सुरक्षा के बीच 11 साल के बाद उत्तरी आयरलैंड की यात्रा की थी। 1979 : उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 का प्रक्षेपण किया गया। 1990 : लगभग एक वर्ष तीन महीने की यात्रा के बाद अमेरिका का अंतरिक्ष यान मगैलन शुक्र ग्रह पर पहुंचा लेकिन उतरने के कुछ ही समय बाद उसका कैलिफोर्निया स्थित संचालन केंद्र से संपर्क टूट गया था। 2004 : संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और सूडान के बीच दार्फुर कार्ययोजना पर हस्ताक्षर हुए। 2006- श्रीलंका में तमिल विद्रोहियों पर सैन्य कार्रवाई में 50 नागरिक मारे गये। 2008- अमरनाथ ज़मीन विवाद सुलझाने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल की बैठक में उच्च न्यायालय के वर्ष 2005 के आदेश को लागू करने पर सहमति बनी। 2008- चेन्नई के एक लैब में एंटी एड्स वैक्सीन का सफल परीक्षण किया गया। 2010- भारत ने उपग्रह स्थिति तंत्र आधारित विमान प्रचालन तंत्र 'गगन' का सफल परीक्षण किया।

विश्व आदिवासी दिवस : मुख्यमंत्री ने प्रदान किये टाइगर रिजर्व में सामुदायिक वन संसाधन के अधिकार

■ **अचानकमार टाइगर रिजर्व और सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व को सौंपे 12,500 हेक्टेयर वन क्षेत्र का अधिकार पत्र**

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी पहल करते हुए मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के दो बड़े टाइगर रिज़र्व में कोर एवं बफ र क्षेत्र में वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत 10 ग्राम सभाओं के सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र प्रदान किए। इसमें अचानकमार टाइगर रिज़र्व की 5 ग्राम सभाएं एवं सीतानदी उदंती क्षेत्र की 5 ग्राम सभाएं शामिल हैं।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जिन 5 ग्राम सभाओं के अधिकार प्रदान किए गए हैं। वो मुंगेली जिला के क्षेत्र है, जिसमें से 4 गांव कोर एवं 1 गांव बफर क्षेत्र का है, इनमें महामाई ग्राम सभा को 1384.056 हेक्टेयर, बाबूटोला ग्राम सभा को 1191.6 हेक्टेयर, बम्हनी ग्राम सभा को 1663 हेक्टेयर, कटामी ग्राम सभा को 3240 हेक्टेयर एवं मंजूरहा ग्राम सभा को 661.74 हेक्टेयर पर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रदान किए गए हैं।

अचानकमार टाइगर रिजर्व से आनंद एक्का, फू ल सिंह बैगा, तितरू सिंह मरावी, मान सिंह बैगा, दिलहरण टेकाम, अघन सिंह मरावी, मंगल सिंह एक्का, संतोष मरावी, नवल प्रजापति और फिरतु राम बैगा ने यह अधिकार पत्र मुख्यमंत्री से प्राप्त किया और शहद भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया।

इसी के साथ सीतानदी उदंती टाइगर रिज़र्व में राज्य में पहली बार एक साथ संयुक्त रूप से सामुदायिक वन संसाधन अधिकार धमतरी जिले के सीतानदी टाइगर रिजर्व की तीन ग्राम सभा लिखमा, बनियाडीह, मैनपुर को 1811.53 हेक्टेयर में मान्य किया गया है। उल्लेखनीय है कि बरसो से इनकी पारंपरिक सीमाए एक ही है, परन्तु आबादी बढ़ने के कारण इन्हें तीन गाँव में विभक्त कर दिया गया था, इसलिए वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत इन्होंने एक साथ वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन, परिरक्षण और प्रबंधन का निर्णय लिया है।

अधिकार पत्र प्राप्त कर ग्राम सभा लिखमा, बनियाडीह, मैनपुर के निवासियों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद।

सीतानदी से आये जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, दुलार सिंह समरथ, नरेश कुमार कश्यप और रमेश कुमार नेताम ने मुख्यमंत्री को महुआ की माला पहना कर उन्हें अधिकार पत्र मान्य करने के लिए धन्यवाद दिया। टाइगर रिजर्व के उदंती क्षेत्र के हिस्से में जो गरियाबंद जिले में पड़ता है, उसके बफर क्षेत्र से भी मुख्यमंत्री ने दो सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र प्रदान किये हैं, जिसमें विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट प्रमुख है जिसे 1321.052 हेक्टेयर पर अधिकार पत्र शामिल हैं। ग्राम सभा कठवा को भी 1254.57 हेक्टेयर के मुख्यमंत्री ने वन संसाधन अधिकार पत्र प्रदाय किया।

विश्व आदिवासी दिवस पर 107 हितग्राहियों को 329.86 लाख का ऋण एवं अनुदान वितरित

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 107 हितग्राहियों को 329 लाख 86 हजार रूपए का ऋष्ठ और अनुदान वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर जिले की तहसील आरंग के ग्राम सेमरिया निवासी वसंत दीवान को ट्रेक्टर ट्रॉली की चाबी प्रदान की। प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जनजाति के 20 हितग्राहियों को ट्रेक्टर ट्रॉली, 05 हितग्राहियों को गुड्स कैरियर, 02 हितग्राहियों को पैसेंजर व्हीकल, 23 हितग्राहियों को स्माल बिजनेस लोन और 57 हितग्राहियों को आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत ऋण वितरित किया गया।

विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन पूरे प्रदेश में आज हर्षोल्लास से किया गया। इस दौरान सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को वित्तीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा सभी जिला मुख्यालयों में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति एवं वित्त विकास निगम, नई दिल्ली की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

विश्व आदिवासी दिवस: मुख्यमंत्री ने आदि विद्रोह सहित 44 महत्वपूर्ण पुस्तकों का किया विमोचन

■ **आदि विद्रोह में स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी जननायकों की भूमिका का किया गया है वर्णन**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां निवास कार्यालय में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में आदिम जाति अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित 'आदि विद्रोह' एवं 44 अन्य पुस्तिकाओं का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वन अधिकार के प्रति ग्राम सभा जागरुकता अभियान के कैलेण्डर, अभियान गीत तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (चारगांव जिला धमतरी) के वीडियो संदेश का भी विमोचन किया।

वन अधिकार के प्रति ग्राम सभा जागरूकता अभियान कैलेण्डर एवं वीडियो संदेश का भी हुआ विमोचन कार्यक्रम में इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव तथा शिशुपाल सिंह सोरी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के के सचिव डीडी सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ के आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा भारतीय स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में एवं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आदिवासी जनजीवन से संबद्ध विभिन्न आयामों को अभिलेखीकृत करने का कार्य किया गया है, संस्थान द्वारा 44 पुस्तकें प्रकाशित की गई है। आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जल-जंगल-जमीन शोषण, उत्पीड़न से रक्षा एवं भारतीय स्वतंत्रता के लिए समय-समय पर आदिवासियों द्वारा किये गये विद्रोहों एवं देश की स्वतंत्रता हेतु विभिन्न आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली वीर आदिवासी जननायकों की शौर्य गाथा को प्रदर्शित करने आदि विद्रोह छत्तीसगढ़ के आदिवासी विद्रोह एवं स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी जननायक पुस्तिका तैयार की गयी है। इस पुस्तक में 1774 के हलबा विद्रोह से लेकर 1910 के भूमकाल विद्रोह एवं स्वतंत्रता पूर्व तक के विभिन्न आंदोलन जिसमें राज्य के आदिवासी जनजनायकों की भूमिका का वर्णन है।

भाजपा सभी समाज का सम्मान करती है: रंजना साहू

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व विधायक रंजना साहू ने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग का सम्मान करती है। कांग्रेस हमेशा समाज को बांटकर राजनीति करती रही है। यही कारण है कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की नीति पर ही चल कर देश में अपने स्वार्थ के लिए राजनीति करती रही है। लेकिन समाज के सभी वर्गों ने कांग्रेस के इस कथित चाल को समझा है और देश में कांग्रेस को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष जिस तरह से सियासी बयान दे रहे हैं उसका कोई आधार नहीं है और वह केवल लिखे हुए स्क्रीप्ट को ही पढ़ना जानते है। भाजपा हर समाज के भावनाओं के मुताबिक कार्य करती रहेगी और कांग्रेस से किसी तरह की सलाह की आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने राज्य शासन द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह (11 अगस्त से 17 अगस्त) के दौरान 'हर घर झंडा कार्यक्रम' के सफल क्रियान्वयन के संबंध में जारी दिशा निर्देश का पालन सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया एवं इस संबंध में अधिकारियों से आवश्यक तैयारी की जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने सभी आम नागरिकों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने की बात कही ताकि आमजनों में देशभक्ति की भावना विकसित हो और राष्ट्र ध्वज के सम्मान में वृद्धि हो।

कलेक्टर ने जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहो, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, कार्पोरेट और निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किए जाने, राज्य शासकीय वेबसाइटों और सोशल मीडिया का उपयोग कर आमजनो में जागरूकता लाये जाने तथा अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा को वेबसाइट (amritmahotsav. nic.in) के माध्यम से लिंक करने तथा समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों में झंडा फ हराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की सभी तैयारियों के संबंध मे विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेकर आपसी समन्वय से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि राजधानी

विश्वास, विकास और सुरक्षा की नीति के चलते साढ़े तीन साल में नक्सली घटना में 80 फीसदी की आयी कमी

■ **पूर्व रमन भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते दक्षिण बस्तर के चार विकासखंड तक सीमित नक्सलवाद 14 जिलों तक पहुंचा था**

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के प्रमुख प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर को अपने रमन भाजपा शासनकाल को याद करना चाहिए जिस दौरान दक्षिण बस्तर के चार विकासखंड तक सीमित नक्सलवाद भाजपा शासनकाल की लापरवाही के चलते 14 जिलों को प्रभावित कर दिया। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का गृह जिला कवर्धा भी नक्सलवाद के चपेट में आ गया। उस दौरान प्रदेश के 14 जिलों में नक्सली सप्ताह मनाया जाता था और पूर्व की रमन सरकार आंखें मूंदे बैठे रहती थी। प्रदेश ने देखा है नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सलाहकार बन कर आए पंजाब के पूर्व डीजीपी केपीएस गिल को रमन भाजपा सरकार ने वेतन लो और मौज करो की सलाह दिया था। इससे स्पष्ट समझ में आता है कि रमन भाजपा की सरकार नक्सलवाद के खात्मे के पक्ष में नहीं थी बल्कि उस दौरान नक्सलवाद और नक्सलियों के सहयोगी फलते फूलते रहे हैं। कई बड़ी नक्सली वारदात हुई जिसमें बड़ी संख्या में आमजनों एवं सुरक्षा में लगे जवानों की शहादत होती थी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विश्वास, विकास और सुरक्षा की नीति के तहत काम कर रही है। गोलियों का जवाब गोलियों से दिया जा रहा है और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग डॉक्टर, व्यापारी, युवा, जन प्रतिनिधियों से चर्चा कर नक्सलवाद को खत्म करने का मजबूत रणनीति के साथ काम कर रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, विकास के लिए काम किया जा रहा है अब नक्सल प्रभावित क्षेत्र की जनता नक्सलियों के खिलाफ सामने आकर लड़ाई लड़ रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का बयान बेतुका : केदार

रायपुर। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोहन मरकाम जाति के आधार पर निराधार बातें कर रहे है जिसका कोई आधार नहीं है। समाज का हर वर्ग भाजपा के साथ है। वह ये न बताएं कि भाजपा क्या कर रही हैं। देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने कभी भी जनजाति समाज की चिंता नहीं की है और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजाति विकास के लिए अलग से मंत्रालय बनाकर हम सबकी भावनाओं के मुताबिक विकास की योजनाओं को गति दी है। भाजपा ने जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जो निर्वाचित होकर समग्र समाज की हितों के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा कि मोहन मरकाम को खुद बताना चाहिए कि कांग्रेस में उनकी स्थिति कैसी है और आदिवासियों के हित में उनकी सरकार क्या कर रही है।

विश्व आदिवासी दिवस के दिन विष्णुदेव को हटाना आदिवासी विरोधी सोच : मरकाम

■ **चेहरा बदलने से हालात नहीं बदलने वाला है, भाजपा पर जनता को भरोसा नहीं रहा : कांग्रेस**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि अरूण साव भाजपा का नया अध्यक्ष बनने पर को शुभकामनायें लेकिन जिस प्रकार से विश्व आदिवासी दिवस के दिन आदिवासी समाज के नेता विष्णु देव साय को उनके पद से हटाया गया यह भाजपा के आदिवासी विरोधी रवैये को प्रदर्शित करता है। छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत से अधिक आबादी आदिवासी समाज की है। राज्य के बड़े भू-भाग में आदिवासी संस्कृति पुष्पित पल्वित है। कम से कम आदिवासी दिवस के दिन ऐसा अप्रिय निर्णय नहीं लेना था। भाजपा के इस निर्णय से पूरे आदिवासी समाज की भावनायें

आहत हुई है। भाजपा का चरित्र मूलरूप से आदिवासी विरोधी है। 15 साल तक राज्य में जब भाजपा सत्ता में थी तब भी आदिवासियों की शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक उन्नति में बाधा उत्पन्न की जाती थी। विपक्ष में आने के बाद भी उनके स्वभाव में कोई परिवर्तन नहीं आया। नंदकुमार साय के समय से अन्याय का जो दौर चला था वह विष्णु देव तक पहुंच गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि चेहरा बदलने से हालात नहीं बदलने वाला है। छत्तीसगढ़ में भाजपा विश्वास के संकट के दौर से गुजर रही है। भाजपा 2018 के विधानसभा चुनाव की हार के बाद से लगातार जनता का भरोसा भाजपा चुनाव दर चुनाव खोते जा रही है। राज्य के भाजपा नेताओं ने जनता के साथ अपने कार्यकर्ताओं तथा केंद्रीय नेतृत्व का भी भरोसा खो दिया है। प्रदेश में भाजपा की बिगड़ती हालात से चिंतित भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश संगठन में भले ही बदलाव किया है लेकिन यह कवायद फिज़ूल साबित होने वाली है।

कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

40 से अधिक लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को बताई अपनी समस्याएं

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भूरे ने आज जनचौपाल में जिले के अलग-अलग जगहों से आये लोंगो की समस्याएं और परेशानियां से संबंधित आवेदनों का यथासंभव निराकरण किया। लोगों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का परीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक निर्देश भी दिए। आज जनचौपाल में 40 से अधिक आवेदन मिलें।

आज के जनचौपाल में नगर पंचायत कूंरा के शत्रुहन बंजारे ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ प्रदान करने, रावतपुरा फेस-2 मठपुरैना के निवासियों ने सार्वजनिक रूप से बने मुख्य मार्ग को बाधित किए जाने, तिल्दा के पंकज डोडवानी ने तहसीलदार द्वारा पारित स्थगन आदेश को हटाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह नगर पंचायत कूंरा वार्ड- 14 के निवासियों ने आवासीय पट्टा प्रदान करने, बिरगांव की आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर पुनः बहाली हेतु आवेदन पर कलेक्टर डॉ भुरे ने नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। आरंग निवासी रमेश पटेल ने शासकीय घास जमीन पर अतिक्रमण कर विधि विरुद्ध व्यावसायिक परिसर का निर्माण कार्य करने वाले के ऊपर कार्यवाही कर अतिक्रमण भूमि से बेदखल करने तथा मंदिर हसौद की शांता कोसरिया ने अपने पिता की संपत्ति पर हक दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने प्रस्तुत आवेदनों पर नियमानुसार संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

खाद की संकट के लिए जिम्मेदार प्रदेश सरकार : किसान मोर्चा

■ **सरकार सिंचाई का रकबा कब दोगुनी करेंगे : संदीप शर्मा**

■ **अवर्षा से निपटने सरकार क्या कर रही है**

■ **गोमूत्र की खरीदी कहां हो रही है, सूची जारी करे सरकार**

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के समय 70त्र खाद सहकारी समितियों के माध्यम से वितरण किया जाता था जबकि उस समय 18 लाख किसान सहकारी समितियों में पंजीकृत थे अब सहकारी समितियों में 22 लाख से अधिक पंजीकृत किसान है ऐसी परिस्थिति में 80 प्रतिशत खाद सहकारी समिति के माध्यम से वितरण किया जाना चाहिए।

राज्य सरकार द्वारा मई में 70 प्रतिशत खाद सहकारी समिति एवं 30 प्रतिशत खाद निजी क्षेत्र में दिए जाने हेतु आदेश जारी किया था जिसे जून में बदलकर 65 प्रतिशत एवं 35 प्रतिशत कर दिया गया जबकि सच्चाई यह है कि अब तक भंडारित 11,60,000 टन खाद में से 6,40,000 टन अर्थात 55 प्रतिशत ही खाद सहकारी समितियों को मिल पाया है। जबकि निजी क्षेत्र को 5,20000 टन अर्थात 45 प्रतिशत दे दिया गया, इस प्रकार सहकारी समिति को अंतिम निर्धारित मात्रा से भी 1,14,000 टन कम दिया गया और यही सब कारण है कि खाद के कमी और कालाबाजारी का।

वास्तव में सहकारी समितियों में बढ़े किसानों की संख्या को देखते हुए भंडारित खाद में से 80 प्रतिशत सहकारी समिति को दिया जाना चाहिए जो कि 9,28,000 टन होता है जबकि दिया गया मात्र 6,40,000 टन जो कि व्यवहारिक मात्रा से 2,88,000 टन कम है यह किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

सिंचाई - बिजली: 5 साल में सिंचाई का रकबा दुगना करने के वादा करके यह सरकार सत्ता में आई है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बताएं सिंचाई का रकबा कब दुगना करेंगे? इस सरकार के कार्यकाल का 75 प्रतिशत समय बीत चुका है ऐसी स्थिति में वादा के अनुसार 2018 के सिंचाई रकबा में भी 75 प्रतिशत बढ़ोतरी हो जानी थी परंतु बढ़ोतरी आंकड़ों के अनुसार मात्र 03 प्रतिशत ही दिखाई पड़ रही है।

अभी हाल में ही एक रिपोर्ट के अनुसार सावन माह के अंतिम चरण तक छत्तीसगढ़ में लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 69 प्रतिशत ही बोनी संपन्न हो पाई है, भादो माह लगने वाला है और 31त्र बोनी बाकी है यह बहुत भयावह स्थिति है जो कि अवर्षा के चलते हुआ है। स्थिति बहुत गंभीर है इससे निपटने सरकार क्या कर रही है? मुख्यमंत्री लगातार छत्तीसगढ़ से बाहर हैं दिल्ली में परिवार बचाओ आंदोलन में आंदोलित है और बचे समय में हिमाचल चुनाव में मस्त हैं किसान कहीं अवर्षा तो कहीं अतिवृष्टि से जूझ रहे हैं सरगुजा संभाग अवर्षा की चपेट में हैं तो बस्तर अतिवृष्टि के चपेट में। अधिकारी अनावारी रिपोर्ट एकत्र कर मुदित है, बेमेतरा, महासमुंद के खल्लारी क्षेत्र सहित मध्य छत्तीसगढ़ के अनेक असिंचित क्षेत्र कम वर्षा से प्रभावित हैं अटल ज्योति लाइन के ट्रांसफ ार्मर एवं बिजली की अनुपलब्धता के चलते किसानों के पंप हांफ रहे हैं सरकार घोर निंदा में हैं।

गौमूत्र खरीदी: 5 लीटर की नपना जार के साथ फोटो खिंचवा कर मुख्यमंत्री गोमूत्र खरीदी का प्रपंच रच रहे हैं उस फोटो सेशन के बाद आज 13 दिन बीत जाने बाद पता ही नहीं चल पा रहा है कि गोमूत्र कौन खरीद रहा है? कहां खरीद रहा है? उस कथित गोमूत्र खरीदी सेंटर का कहीं अता पता नहीं है और लाखों का विज्ञापन बाजी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवास में गोमूत्र खरीदी का स्वांग रच मुख्यमंत्री ने किसानों और गौ पालकों को ठगने का महापाप किया है। मुख्यमंत्री जी बताएं कहां-कहां गोमूत्र खरीदी हो रही है अन्यथा गोमूत्र लेकर मुख्यमंत्री निवास आएंगे और सद्बुद्धि हेतु मुख्यमंत्री आवास का गोमूत्र से शुद्धिकरण करेंगे।

■ न्यूज गैलरी

केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री वर्मा से मिले प्रीतपाल बेलचंदन, सहकारिता को कमजोर करने का छत्तीसगढ़ सरकार पर लगाया आरोप

दुर्ग (नव प्रदेश)। बलराम कोऑपरेटिव संस्था दुर्ग के अध्यक्ष एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान श्री बेलचंदन ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता को लेकर हो रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। श्री बेलचंदन ने केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री वर्मा को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की सहकारी सोच पर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार कुठाराघात कर रही है। देश के मुखिया जहां सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने, प्रत्येक व्यक्ति के मन में सहकारिता की भावना जगाने के लिए प्रयत्नशील हैं,वही छत्तीसगढ़ सरकार सहकारिता क्षेत्र को कमजोर करने का निरंतर साजिश रच रही है। सहकारिता नीति में दिन-प्रतिदिन संशोधन कर गांव, गरीब और किसानों के प्रगति की राह पर अवरोध उत्पन्न कर रही है। मंत्री श्री वर्मा से बेलचंदन ने कहा की महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बात करने वाली छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार हर कदम पर उनके विचारों, उनके ग्राम विकास की सोच को पीछे धकेलने की कोशिश में लगी है।

निगम क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी के दिन बंद रहेंगी मटन-चिकन की दुकानें

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम दुर्ग सीमाक्षेत्र अंतर्गत 15 अगस्त 22 (स्वतंत्रता दिवस) के दिन तथा 19 अगस्त 22 (कृष्ण जन्माष्टमी)-के दिन दुर्ग नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत समस्त मांस विक्रय केंद्र इस तिथि को बंद रहेंगे। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इसको लेकर सख्त निर्देश दिए है, निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसका आदेश प्रसारित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग ने पत्र जारी को ध्यान में रखते हुए पशु वध गृह बंद रखे जाने के निर्देश दिए है। दुर्ग सीमाक्षेत्र अंतर्गत पशु वध गृह, जीव हत्या एवं समस्त मास बिक्री केंद्र को बंद रखा जाएगा। इसका कड़ाई से पालन कराने निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं बाजार विभाग अमला निरीक्षण पर रहेगा और आदेश का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

पहले से बेहतर हुआ लिम्हा तालाब का स्वरूप

भिलाई नगर (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत तालाब क्षेत्रों को संवारने का काम किया जा रहा है, इसी परिपेक्ष में भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लिम्हा तालाब का पहले से कायाकल्प हो चुका है। आज निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने पूरे तालाब का निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत कई सारे तालाबों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं। आज आयुक्त लोकेश चंद्राकर अपने नियमित क्षेत्र भ्रमण के दौरान सुबह 6:00 बजे लिम्हा तालाब परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने तालाब के आसपास के पूरे परिसर की सघन सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। 2 साल पूर्व निगम व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लगाए गए पौधे अब बड़े होकर छांव प्रदान कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि एक निर्धारित आकार में इसकी छटाई भी आवश्यक है, ताकि तालाब एक आकर्षक स्वरूप में नजर आ सके और घूमने आने वालों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। आयुक्त ने पार्षद की मांग पर कुछ स्थानों पर लाइट लगाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए है। पूरे परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई की व्यवस्था देखी।

कालीबाड़ी से भगवा चौक तक अवैध अतिक्रमण के खिलाफ उतरा भिलाई निगम का बुलडोजर

भिलाई नगर (नवप्रदेश)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध अतिक्रमण के खिलाफनिगम ने कालीबाड़ी चौक से भगवा चौक तक ताबड़तोड़ कार्रवाई की। तकरीबन 134 स्थानों से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। निगम का बुलडोजर फिर से एक बार कालीबाड़ी चौक से भगवा चौक तक अतिक्रमण को हटाने सड़क पर उतरा। कालीबाड़ी चौक से भगवा चौक जाने वाले रास्ते पर अवैध अतिक्रमण करने वाले व्यवसायियों ने दुकान के सामने अवैध रूप से टीन शेड, चबूतरा निर्माण, सीढ़ी, विज्ञापन बोर्ड आदि के माध्यम से सड़क तक समान को बढ़ाकर विक्रय कर रहे थे। जिसकी वजह से आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वही इस सड़क पर दुर्घटना की संभावनाएं भी बढ़ रही थी। लगातार अवैध अतिक्रमण को लेकर शिकायतें भी प्राप्त हो रही थी। इन सभी को गंभीरता से लेते हुए निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कुछ दिन पूर्व ही एकता चौक के समीपस्थ इलाकों का निरीक्षण किया था। अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी उन्होंने मौके पर जोन कमिश्नर पूजा पिल्ले को दिए थे। इसके परिपालन में जो अतिरिक्त अतिक्रमण करते हुए दुकान का संचालन कर रहे थे उन्हें निगम ने निरीक्षण करते हुए नोटिस भी जारी किया था, इसके बावजूद जिन्होंने अतिरिक्त अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को नहीं हटाया था।

बरसते बारिश में बूढ़ादेव की भक्ति में जमकर झूमें विधायक

आदिवासी दिवस पर सर्व आदिवासी समाज ने निकाली भव्य रैली

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज आदिवासी समाज ने भव्य रैली का आयोजन किया। रैली में हजारों की संख्या में शहरवासी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ी संस्कृति परंपरा और आदिवासी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा की मनमोहक झलक इस रैली में देखने को मिली। बरसते बारिश में आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली। सेक्टर 5 में विधायक देवेंद्र यादव ने रैली का फूल मालाओं से स्वागत किया। यहां पर विधायक देवेंद्र यादव सहित महापौर नीजर पाल, एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर,पार्षद सेवन ठाकुर आदि ने भव्य स्वागत किया। साथ ही भगवान बूढ़ा देव की विधि विधान के साथ के साथ पूजा अर्चना की और विधायक देवेंद्र यादव ने भगवान बूढ़ा देव से आदिवासी समाज के हित और विकास केसाथ ही सभी के जीवन में खुशहाली की प्रार्थना की। पूजा अर्चना के बाद विधायक देवेंद्र यादव समाज के युवक-युवतियों के साथ आदिवासी लोकगीत में जम कर झूमें। डीजे की धून में मांदर की ताल और आदिवास गीत जब बजी तो विधायक देवेंद्र यादव भी खुद को रोक नहीं पाए और समाज के युवक-युवतियों केसाथ उन्होंने ने जमकर आदिवासी नृत्य किया। समाज के जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में हर साल भिलाई में भी आदिवासी दिवस पर पूरा समाज एक होकर सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले आयोजन किया जाता है। रैली की शुरुआत सेक्टर 1 मुर्गाचौक से की गई। रैली आदिवासी संगीत नृत्य के साथ सेक्टर 5 पहुंची जहां पर विधायक देवेंद्र यादव द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसी प्रकार अन्य चौक चौराहों पर समाज के लोगों ने स्वागत किया। सेक्टर 8 से रैली सुपेला सामाजिक भवन पहुंची जहां पर अन्य आयोजन किए गए है। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। अपने समाज के हित और विकास के लिए कई नारे लगा रहे थे, वहीं छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश में सरकारी छुट्टी दी है। इससे भी समाज के लोगों में काफी उत्साह और उमंग का माहौल है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पूरे आदिवासी समाज की ओर से दिल से आभार जताया। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि आदिवासियों के हित और विकास के लिए उनके समग्र विकास के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो प्रयास किया है वह बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक है। आदिवासी दिवस पर पूरे प्रदेश में सरकारी अवकाश घोषित करने के लिए आदिवासी समाज की ओर से विधायक देवेंद्र यादव ने सीएम का आभार जताया।

झमाझम बारिश से शहर हुआ तरबतर, घरों में घुसा पानी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मंगलवार को झमाझम हुई बारिश से पुरा शहर तरबतर हो गया। यह पानी जहां निचली बस्तियों के लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना रहा,वहीं सैर सपाटा करने वाले लोगों के लिए माहौल को और खुशनुमा बना दिया। शहर में मंगलवार को पानी निकासी की अव्यवस्था फि र संकट बनी। निचली बस्तियों के घरों में पानी घुसने की शिकायतें सामने आई है। सड़कों में भी जगह-जगह पानी जाम होने की समस्या आम रही। बरसात का पानी शासकीय आदर्श कन्या स्कूल उतई रोड के सामने स्थित चिकित्सा कर्मियों के लिए परेशानी का कारण बना रहा। उतई रोड (गौरव पथ) के सौंदर्यीकरण व चौड़ीकरण के लिए नाली का निर्माण किया जा रहा है। जिसके चलते कर्मचारी क्वार्टर के सामने ठेकेदार द्वारा गड्ढ़ा खोदे गए है। बरसात का यह पानी निकासी के अभाव में गड्ढों से होकर कर्मचारी क्वार्टर तक पहुंच गया। जिससे कर्मचारी क्वार्टर परिसर पानी से लबालब भरा रहा। फ्लस्वरुप चिकित्सा कर्मचारियों को आवागमन में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा।कई चिकित्सा कर्मचारी लबालब भरे इस पानी की वजह से समय पर ड्युटी पर नहीं पहुंच पाए। इसके अलावा महिला समृद्धि बाजार सिविल लाईन,बांधातालाब ,शंकरनगर के अलावा कई क्षेत्र के सड़कों में लबालब पानी भरा रहा। महिला समृद्धि सब्जी बाजार गौरव पथ की सड़क जलमग्न रही। यह स्थिति महिला समृद्धि बाजार से लेकर केन्द्रीय जेल तक बनी रही। जिससे आवागमन को लेकर लोग परेशान रहे।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा से मिले प्रीतपाल

दुर्ग। श्री बलराम कोऑपरेटिव संस्था,दुर्ग के अध्यक्ष एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान श्री बेलचंदन ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता को लेकर हो रहे काम पर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान श्री बेलचंदन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की सहकारी सोच पर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार कुठाराघात कर रही है। देश के मुखिया जहा सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने, प्रत्येक व्यक्ति के मन में सहकारिता की भावना जगाने के लिए प्रयत्नशील है वही छत्तीसगढ़ सरकार सहकारिता क्षेत्र को कमजोर करने का की निरंतर साजिश रच रही है। सहकारिता नीति में दिन-प्रतिदिन संशोधन कर गांव, गरीब और किसानों के प्रगति की राह पर अवरोध उत्पन्न कर रही है। मंत्री श्री वर्मा से बेलचंदन ने कहा की महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बात करने वाली छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार हर कदम पर उनके विचारों, उनके ग्राम विकास की सोच को पीछे धकेलने की कोशिश में लगी है। संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर जी के बनाए कानून की धज्जियां उड़ाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार सहकारिता क्षेत्र को अपने मुट्ठी में बंद करने प्रयासरत है। कांग्रेस सरकार का यह रवैया निश्चित रूप से जनविरोधी है। भविष्य में इसके परिणाम सहकारिता क्षेत्र के लिए दुःखद होगे।

विश्व आदिवासी दिवस : डौंडी में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम, सीएम जुड़े वीडियो कॉल से

बालोद/नवप्रदेश। जिले के डौंडी ब्लॉक मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत के सभागार में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सीएम भूपेश बघेल वीसी के माध्यम से जुड़े। जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक एवं महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया शामिल हुईं। सीएम ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर रायपुर स्थित निवास में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बालोद जिले वासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामना दी है। इस अवसर पर उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन एवं राष्ट्र व समाज के विकास में आदिवासी महापुरुषों एवं समाज के लोगों के योगदान को भी रेखांकित किया। उक्त कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन आज जनपद पंचायत कार्यालय डौंडी में वर्चुअल माध्यम से किया गया था। इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, जनपद पंचायत डौण्डी की अध्यक्ष बसंती दुग्गा, उपाध्यक्ष पुनीत सेन सहित कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन आदि उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने कहा कि राष्ट्र व समाज के विकास में आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है। शांत, सरल और मेहनतकश आदिवासी समाज की जब भी राष्ट्र व समाज को आवश्यकता पड़ी है, समाज ने निस्वार्थ भाव से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने देश के आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिवासियों के उत्थान के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को आदिवासियों का सच्चा हितैषी बताया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने 19 ग्राम स्तरीय वन अधिकार पत्रक, 08 सामुदायिक संयुक्त वन संसाधन अधिकार पत्रक तथा 11 समुदाय दावा निरीक्षण कर वन अधिकार पत्रक इस प्रकार कुल 38 वन अधिकार पत्रक बांटा गया। वहीं 11 हितग्राहियों को अंत्यावसायी विभाग के तहत 1 लाख 10 हजार रुपये का चेक भी वितरण किया।

फिल्टर प्लांट निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त पहुंचे, अधिकारियों को दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे लगातार निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड का निरीक्षण औचक रूप से कर रहे हैं।निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अलसुबह निगम अमृत मिशन के तहत चले रहे कार्यो के साथ साथ 24 एमएलडी और 42 एमएलडी फ़िल्टर प्लान्ट पहुँचे उन्होंने फ़िल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम और वाटर सप्लाई के संबंध में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी से ली।टंकियों की साफ सफाई समय सीमा के अंदर करवाने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वार्ड 43 महाराजा चौक क्षेत्र एवं वार्ड 53 क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान महाराजा चौक में अवैध रूप से लगे होर्डिंग को निकलवाने व जुर्माना करने को कहा। उन्होंने कुछ स्थानों पर सड़कों पर निर्माण एवं विध्वंस से संबंधित सामग्री बेतरतीब तरीके से पड़ी हुई देखी 7 उन्होंने कहा कि सड़को पर सी एन्ड डी मलबा डालने वालो के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही करने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि सड़कों पर मलबा पड़े होने के कारण नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, दुर्घटना की संभावनाएं भी बढ़ जाती है तथा आने जाने वाले वाहनों का निकलना मुश्किल होता है।लोगों के द्वारा इस प्रकार के भवन सामग्री को सड़क पर काफी दिनों तक रखा दिया जाता है वही क्षतिग्रस्त एवं पुराने घरों को तोड़ने के बाद भी मलबों को ऐसे ही सड़क पर फेक दिया जाता है।आयुक्त प्रकाश सर्वे ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि इस तरफ की लापरवाही न करें सड़क किनारे या सड़क पर भवन मटेरियल को न डाले ये बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

38वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा बल ने किया वृक्षारोपण

खरोरा/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को सफ ल बनाने एवं कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने व पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से 38 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा वाहिनी परिसर के परिवारों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में भाग लेने एवं 15 अगस्त के दिन अपने अपने आवास में तिरंगा फ हराने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी परिवारों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया एवं साथ ही सभी परिवारों को तिरंगी भी वितरित किए गए।

बरसते पानी में कांग्रेस ने निकाली गौरव यात्रा

दुर्ग। जिस जोश और जुनून से आजादी के दीवानों ने 75 साल पहले देश को आजाद कराया था, आज आजादी के हीरक महोत्सव के अवसर को यादगार बनाने के लिए कांग्रेस की गौरव यात्रा में उसी जोशीले अंदाज में निकली। जोश का जज्बा इस कदर रहा कि तेज बारिश में तीन घंटे से ज्यादा समय तक तिरंगा लहराते कांग्रेस नेता भीगते रहे ... जोश से नारे लगाते हुए पदयात्रा जारी रखी ... देशभक्ति भरे गीतों के साथ अमर सेनानियों का स्मरण करते रहे ... देशभक्ति के संदेश देने वाले नारे लगातार गूंजते रहे। पश्चिम ब्लाक कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में आज आज सुबह 9 बजे चंडी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कांग्रेस की गौरव यात्रा प्रारंभ हुई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्‌घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती गमला बाई साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202207100400313

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गमला बाई साहू पति तेजराम साहू निवासी वार्ड नं. 51 वृन्दानगर बोरसी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	357/34	0.017 हें 1935 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/7/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्‌घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती हेमिन गोयल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202207100400263

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती हेमिन गोयल पति जयलाल गोयल निवासी सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	798/11	0.028 हें 3000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/7/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

आम सूचना

मैं अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी (जिला न्यायलय दुर्ग) बंधन बैंक लिमिटेड गृह केन्द्र शाखा आर.के. प्लाजा, दुकान नं. ए-4 एवं 2 पहली मंजिल लिंक रोड़ पावर हाउस भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करती हूं कि मेरे पक्षकार बंटी राजानी आ. श्री राज कुमार राजानी उम्र 34 वर्ष निवासी 381 दीक्षित कालोनी दुर्ग आदमी मंदिर वार्ड 24 मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा दिए गए अधिकार उपरान्त विक्रेता दीपिका शर्मा पति श्री धीरज शर्मा निवासी हरि नगर कातुलबोर्ड तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं क्रेता श्रीमती शुभाषनी पति श्री अमित कुमार नायक निवासी दुर्गा मंदिर कादम्बरी नगर सिकोला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) जमीन/मकान वाके मौजा सिकोला तह. व जिला दुर्ग के तहत खसरा नं. 296/251, रकबा 0.008 हे. अर्थात 700 वर्गफीट, रजिस्ट्री दिनांक 28/3/2022 ग्रन्थ नं. 24480 पृष्ठ नं. 24-56 दस्तावेज नं. 13877 की रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है उक्त मूल पुरानी रजिस्ट्री पेपर का कोई दुरूपयोग न करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है अतएव आम जनता जो कि उक्त जमीन/मकान के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्वः स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के सात 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा।

अधिवक्ता
जयराम भागवानी
प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के बाजू में न्यू आदर्श नगर दुर्ग मो. न. 9302838684

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कैलाश अग्रवाल आ. रामकिशन अग्रवाल साकिन नेहरू नगर द्वारा ग्राम अरसनारा प.ह.न. 15 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 273, 274 रकबा 0.62, 0.67 हे. भूमि का कम्प्यूटर नक्शा में ख.नं. 273 के स्थान पर 276 दर्ज है तथा 276 के स्थान पर 273 दर्ज हो गया है जिस सुधार करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि नक्शा सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20/8/22 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 4/6/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता उदेभान मनोटे (UDEBHAN MANOTE) पिता भीमा मनोटे (BHIMA MANOTE) उम्र- 47 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 22 केम्प-2 बैकुण्ठ नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरी जन्मतिथि 15-09-1975 है। मेरी पुत्री सृष्टि मनोटे (SRISTI MANOTE) जिसकी जन्म तिथि 23/11/2010 है जो कि कक्षा सातवी में सिद्धार्थ पूर्व माध्य. विद्यालय बैकुण्ठ नगर केम्प-2 भिलाई नगर में अध्ययनरत् है जिसके शालेय रिकार्ड में मेंरी पुत्री का नाम सृष्टि पिता का नाम उदयभान यादव माता का ना पंचफूला यादव अंकित हो गया है जबकि उसकी सही नाम सृष्टि मनोटे (SRISTI MANOTE) है जो कि उसके नाम से जारी आधार कार्ड क्र. 963087462790 से अभिप्रमाणित है7 मेरा सही व वास्तविक नाम उदेभान मनोटे (UDEBHAN MANOTE) है जो कि मेरा नाम से जारी आधार कार्ड नं. 729394866605, मतदाता परिचय पत्र क्रमांक ZJY1541184 बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाता क्रमांक 60416799683 एवं मेरे दसवीं मार्कशीट से अभिप्रमाणित है। इसी प्रकार मेरी पत्नि क सही व वास्तविक नाम पंचफुला मनोटे (PANCHFULA MANOTE) है जो कि उसके नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 591511148978 मतदाता परिचय पत्र क्रमांक ZJY2174712, पैन कार्ड कमांक HEYPM0025J एवं राशन कार्ड क्र. 223784105440 से अभिप्रमाणित है। मेरी पुत्री के सही व वास्तविक नाम सृष्टि मनोटे (SRISTI MANOTE) पिता उदेभान मनोटे (UDEBHAN MANOTE) माता पंचफुला मनोटे (PANCHFULA MANOTE) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं इस आधार पर उसके स्कूल रिकार्ड में शासकीय-अर्धशासकीय दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है

शपथकर्ता
उदेभाव मनोटे

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्‌घोषणा

रा.प्र.क्र- 20220710070013//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज तरोने पिता भिवाजी तरोने निवासी ग्राम एमआईजी 1/125 हुडको तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 20/3 का टुकड़ रकबा 0.003 वर्गफीट भूमि को विक्रेता कन्हैयालाल मारकण्डेय वगै. पिता प्रेमदास मारकण्डेय निवासी ग्राम सतनामी चौक कातुलबोर्ड से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26/7/2010 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/8/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता रोहित धनकर (ROHIT DHANKAR) पिता द्वारिका धनकर उम्र 36 वर्ष निवासी म.नं. 124 वार्ड नं. 01 खम्हरिया, जेवरा सिरसा दुर्ग तह .व जिला दुर्ग का हूं। मेरी जन्म तिथि 08/09/1986 है। मेरा पुत्र रोहन धनकर (ROHAN DHANKAR) जिसकी जन्मतिथि 30/09/2011 है जो कि कक्षा पहली से कक्षा चौथी तक पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल कुटेलाभाठा में एवं कक्षा पांचवी से कक्षा छंटवी की पढ़ाई शासकीय माध्यमिक शाला, खपरी में अध्ययनरत् है जिसके शालेय रिकार्ड में एवं दाखिज पंजी में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश रोहन पाल (ROHAN PAL) माता का नाम किर्ति पाल एवं पिता का नाम रोहित कुमार पाल अंकित हो गया है जो कि सत्य व सही है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में रोहन धनकर (ROHAN DHANKAR) माता कीर्ति धनकर (KIRTI DHANKAR) पिता रोहित कुमार धनकर (ROHIT KUMAR DHANKAR) अंकित है। मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 745309571385 में उसका नाम रोहन पाल (ROHAN PAL) पिता रोहित कुमार पाल (ROHIT KUMAR PAL) अंकित है। मेरी पत्नि का सही व वास्तवित नाम उसके आधार कार्ड क्रमांक 243310663744 पैन कार्ड क्रमांक DKLPD053G में कीर्ति बाई धनकर (KIRTI BAI DHANKAR) पति रोहित धनकर (ROHIT DHANKAR) अंकित है। इसी प्रकार मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 531830335370 में एवं पैन कार्ड EQLPD6671R क्रमांक में मेरा नाम रोहित धनकर (ROHIT DHANKAR) अंकित है जो कि सत्य व सही है। मेरे पुत्र के सही व वास्तविक नाम रोहन धनकर (ROHAN DHANKAR) माता कीर्ति धनकर (KIRTI DHANKAR) पिता रोहित कुमार धनकर (ROHIT KUMAR DHANKAR) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं उस आधार पर उसके स्कूल रिकार्ड में, शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
रोहित धनकर

ऐतिहासिक रहा विश्व आदिवासी दिवस : ढोल-नगाड़े के साथ परंपरागत वेशभूषा में नजर आए लोग

■ **एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान : राजा खडगराज सिंह**

कवर्धा/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस को लेकर सहसपुर लोहारा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां लोग परंपरागत वेशभूषा में नजर आए। गोंडी धर्म संस्कृति रेला पाटा लहरिया परिवार की प्रस्तुति नवागढ़ रंगारंग प्रस्तुति दिया गया। जिसमें परांपरिक वेशभूषा में प्रस्तुतकर्ता दिखाई दिए। लोगों ने जमकर तारीफ भी की। आज वे सभी परंपराएं इस मंच के माध्यम से जीवांत दिखाई दे रहे थे जो लोगों के लिए यादगार रहा तो ही साथ ही यह कार्यक्रम भी अपने आप में ऐतिहासिक नजर आ रहा था। वहीं 500 वाहनों का काफिला कवर्धा शहर में भ्रमण करते हुए सहसपुर लोहारा पहुंचा। कार्यक्रम में विशाल संख्या में लोगो की उपस्थिति रही। संख्या इतनी ज्यादा थी की कार्यक्रम स्थल से लगभग 3 किमी तक दोनों तरफ जाम लग गया। हालांकि सहसपुर लोहारा पुलिस ने यातायात व्यवस्था की कमान को संभालते हुए आवागमन को सुचारू रूप से बनाए रखा। विश्व आदिवासी दिवस का यह कार्यक्रम पिछले कार्यक्रमों की तुलना ऐतिहासिक रहा। जहां 15 हजार से अधिक की संख्या में लोग मौजूद थे। इनकी बैठने से लेकर भोजन व पानी की व्यवस्था कराई गई थी। कार्यक्रम की रूपरेखा को प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष राजा खडगराज सिंह ने एक माह पहले से तैयार कर सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग कार्यभार सौंपा था। जिसके चलते इतनी बडी संख्या होने के बाद भी यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल तो रहा ही साथ ही कुछ लोग अब राजनीतिक ढंग से इसे पचा नहीं पा रहे है। कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों को राजा खड्गराज सिंह ने सफलता का श्रेय भी दिया। इस कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित सामाजिक शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों का सम्मान भी किया गया। हर एक सम्मान में तालियां गूंज रही थी। इसके साथ ही सम्मान के कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तिरु. डॉ. हीरा मीणा, राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद एवं प्रोफेसर दिल्ली, अध्यक्षता तिरु. राजा खड्गराज सिंह, संरक्षक जिला गोंड समाज एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोहारा, विशिष्ट अतिथि तिरु. राजा योगेश्वर राज सिंह, संरक्षक, अध्यक्ष जिला गोंड समाज सेवा समिति एवं पूर्व विधायक कवर्धा, तिरु. तुलेश्वर सिंह मरकाम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंगपा, डॉ. गौतम मीणा वरिष्ठ समाज सेवी दिल्ली, श्याम सिंह मरकाम राष्ट्रीय महासचिव गोंगपा, लोकेश्वरी नेताम प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रभाग गोंडवाना गोंड महासभा, राजा मोहेन्द्र शाह संरक्षक जिला गोंड समाज कबीरधाम, सुकदेव ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद, इतवारी मछिया प्रदेशाध्यक्ष वि. पि. जनजाति बैगा समाज, रतिराम भट्ट प्रदेशाध्यक्ष आदिवासी धोबा समाज, मीनाक्षी धुर्वे, गजराज टेकाम, लवन सिंह, डॉ. यूआर धुर्वे सहित समाज सेवी सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

समाज में एकता बनाए रखने की अपील

राजा खड्गराज सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान, इसके साथ ही सभी सामाजिक बंधुओ को एक साथ मिलकर रहने की अपील करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य तथा वर्तमान स्थिति को लेकर भी उन्होंने अपनी बातों को रखा और समाज के लोगो से एकता बनाए रखने की अपील भी की। जिले में घटित हुए उन घटनाओं को भी मंच के माध्यम से उन्हें रखा और कहा कि वे हर स्थिति में उन सभी के साथ खडे रहेंगे, जिन्हें न्याय नहीं मिल पाता। और वे लोगों को न्याय दिलाने हर संभव प्रयास भी करेंगे। रानी साहिबा अकांक्षा सिंह ने कहा कि नारी सक्ती को लेकर जोर दिया और कहा कि सभी माताएं और बहनें अपने हक को पहचाने और अपनी बातों को प्रमुखता से रखते हुए न्याय की हर लड़ाई के लिए सामने मजबूती से खड़े होकर डटे रहे। इसके साथ ही योगेश्वराज सिंह तथा रानी साहिब कीर्ति देवी सिंह ने भी संबोधित किया।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वनवासियों को मिला वन अधिकार पत्र

■ **जिले में 20 सामुदायिक एवं 12 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरण किया गया**

■ **विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राही भी लाभान्वित**

गरियाबंद/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज 9 अगस्त को जिले में 20 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र, 12 व्यक्तिगत वन संसाधन अधिकार पत्र एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

भूपेश बघेल द्वारा उनके निवास में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वन संसाधन अधिकार पत्र के हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन सामुदायिक अधिकार से वनवासियों के जीवन में समृद्धि आयेगी। इस अवसर पर शासन के वरिष्ठ मंत्रीगण भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के ग्राम कुल्हाड़ीघाट के बनसिंग सोरी, धनमोती सोरी, दामोदर मरकाम और ग्राम कठुआ के नोहर सिंह सोरी तथा विद्याधर को वन संसाधन अधिकार पत्र प्रदान किया।

गरियाबंद जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालीमा ठाकुर, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, नगर पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष भरत दीवान, कलेक्टर प्रभात मलिक, पुलिस अधीक्षक जे.आर.ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोक्तिमा यादव, उप निदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व वरूण जैन, एडीएम जे.आर. चौरसिया की मौजूदगी में सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन संसाधन अधिकार पत्र हितग्राहियों को सौपा गया। जिसमें सामुदायिक वन अधिकार पत्र में फिंगेश्वर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सरकड़ा, बिड़ोरा, खैरझिटी, तरजुंगा, कोसमखुटा, जामगांव, भेण्ड्री (जा), रजकट्टी, बम्हनदेही, बोरिद, बनगंवा, पथरी, सोनासिल्ली, खुरसा, पतोरा, मड़वाडिह, बोरसी, रक्सा, बासीन, पतोरा शामिल है।

कामनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल विजेता आकर्षि कश्यप आज पहुंचेंगी दुर्ग

■ **विभिन्न खेल, सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी**

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग की कसारीडीह निवासी 21 वर्षीय अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम कामनवेल्थ गेम्स-2022 में भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम में शामिल होकर टीम के लिए सिल्वर मेडल जीता है। देश के लिए यह बड़ी जीत हासिल कर आज 10 अगस्त, बुधवार को दोपहर 12 बजे आकर्षि कश्यप का प्रथम दुर्ग नगर आगमन हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने विभिन्न खेल संगठनों के अलावा धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा सिल्वर मेडल विजेता आकर्षि कश्यप के भव्य स्वागत और बाईक रैली की तैयारी की गई है। उनकी यह स्वागत बाईक रैली दोपहर 12 बजे ग्रीन चौक दुर्ग से प्रारंभ होगी। जो गुरुद्वारा स्टेशन रोड, सिंधी धर्मशाला, सीए बिल्डिंग, राजेन्द्र पार्क चौक, मेनोनाइट चर्च, नया बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल, गांधी प्रतिमा, हिंदी भवन, टेम्पो स्टैण्ड उतई रोड, नगर निगम कार्यालय, आदर्श कन्या स्कूल, सेठ रतनचंद सुराना कॉलेज, सांई मंदिर द्वार सिविल लाईन चौक, शीतला सतरुपा मंदिर, एलआईसी बिल्डिंग पद्मनाभपुर, मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर, पंचशील स्कूल चौक, कन्हैयापुरी चौक, आजाद चौक होते हुए आकर्षि कश्यप के निवास स्थान कसारीडीह पहुंचकर समाप्त होगी। विभिन्न खेल संगठनों के अलावा सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा विजयी रैली में शहर के खेल प्रेमियों और आम जनता से शामिल होकर शहर की गौरव आकर्षि कश्यप का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

विधायक अमितेष को आम जनता से कोई सरोकार नहीं : मुरलीधर

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री और सदैव जनता की बात को मुखरता से रखने वाले मुरलीधर सिन्हा ने राजिम के विधायक अमितेश शुक्ला के विधानसभा की बैठक में सबसे कम उपस्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजिम विधायक को जनता से कोई सरोकार नहीं है वो सपने में भी अपने को मंत्री समझते रहते हैं इसलिये अपने लैटर पैड में विधायक या पूर्व मंत्री लिखने में शर्म आती है। प्रथम पंचायत मंत्री लिखना सामंती सोच रखना प्रदर्शित करता है। विधानसभा में सबसे कम उपस्थिति तो उन्हें राजिम की जनता का कोई ख्याल नहीं है? अब तक विधायक, मंत्री के पद पर रहें हैं किन्तु उनका अब तक कोई उपलब्धि नहीं दिखता है, ऐसा लगता है कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक अमितेश शुक्ला का सुनता नहीं है। भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा कहा कि जब बिन्द्रानवागढ़ के काँग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक गांव अमलीपदर को तहसील बनवा सकते हैं तो ये विधायक अमितेश शुक्ला 1952 से उप तहसील के दर्जा पाए विकासखंड फिंगेश्वर को पूर्ण तहसील का दर्जा क्यों नहीं दिला सकते। छत्तीसगढ़ के 146 विकासखंड के 145 विकासखंड पूर्ण तहसील बन चुका है, केवल फिंगेश्वर विकासखंड पूर्ण तहसील नहीं बन पाया। ऐसे ही गोबरा नवापारा में कन्या महाविद्यालय खुल सकता है तो गरियाबंद जिला मुख्यालय में क्यों नहीं खुल सकता है जो कि अतिआवश्यक है किन्तु शुक्ल परिवार उच्च शिक्षा के घोर विरोधी रहें हैं तभी तो तीन बार के मुख्यमंत्री वाला क्षेत्र में एक भी कॉलेज नहीं था, राजिम विधानसभा क्षेत्र की जनता अब भी अपने बुनियादी सुविधाओं के लिए बाट जोह रही है। राजिम विधानसभा के जनता से भी अनुरोध है कि आपके सुख दुःख में 24 घण्टे शामिल होने वाले और आपके समस्याओं को लेकर संवेदनशील हो ऐसे विधायक बनाए।

विश्व आदिवासी दिवस पर वर्चुअल रूप से शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश

नवागढ़/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी बाहुल्य जिला कवर्धा सहित अन्य जिले में मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल होकर विश्व आदिवासी दिवस की समस्त प्रदेश वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर कबीरधाम कलेकट्रोट कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विजय बघेल डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त विकास निगम शामिल हुए। आदिवासीयो को उपहार स्वरूप बाटे गए ट्रैक्टर वा वैन एवं 2 लाख रुपए का चेक वितरण किया गया।

कांग्रेस ने निकाली आजादी गौरव पदयात्रा

नवागढ़/नवप्रदेश। नवागढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत अर्जुनी से आजादी गौरव पदयात्रा प्रारम्भ हुई। यात्रा में शामिल होने पहुँचे संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा कि कांग्रेस के जुझारू कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र की देवतुल्य जनता की महत्वपूर्ण भागीदारी इस आयोजन को भव्यता प्रदान कर रही है। इस दौरान वरिष्ठ नेता सुरेंद्र तिवारी सहित नेतागण उपस्थित रहे।

देवकर में मनाया विश्व आदिवासी दिवस

देवकर/नवप्रदेश। पंचायत देवकर में आदिवासी समाज द्वारा भगवान बिरसामुंडा का पूजा अर्चना कर बड़े ही धूमधाम से आदिवासी दिवस मनाया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष मिथुन कुंजाम, बिरेन्द्र कुंजाम पूर्व (उपाध्यक्ष नगर पंचायत देवकर), विनोद कुंजाम (विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत देवकर), पिला लाल कुंजाम, प्रकाश कुंजाम, भावेश कुंजाम, होरी लाल मरकाम, राजू कुंजाम, दीना कुंजाम, चेतन कुंजाम, नीलेश कुंजाम, राजा मरकाम, राहुल कुंजाम, दिलीप मरकाम, आयुष, कान्हा, कुनाल, आदित्य, कृष्णा, रवि, डूगू, गिरधर व समस्त देवकर के आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

नगर में रोका-छेका अभियान फेल, मुख्य मार्गों में मवेशियों का जमावड़ा

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के मुख्य मार्ग पर आवारा मवेशियों के जमावड़ा से यातायात बाधित होने के साथ ही आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। स्थानीय नगरीय प्रशासन की अनदेखी राहगीरों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है। रोका-छेका अभियान को लेकर भी प्रशासन दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। गरियाबंद जिला मुख्यालय की मुख्य मार्गों पर जगह-जगह आवारा मवेशी डेरा जमाए हुए हैं। राज्य सरकार ने जिस मंशा से रोका-छेका अभियान की शुरुआत की थी, उसमें स्थानीय प्रशासन पलीता लगाने में लगी है। इन सड़कों पर चाहे दिन हो या फिर रात आवारा मवेशी डेरा जमाए रहते हैं। जिससे कि यातायात बाधित होने के साथ ही दुर्घटनाएं भी हो रही है। नगर के तिरंगा चौक से लेकर सुभाष चौक के बीच और गरियाबंद-देवभोग नेशनल हाइवे मार्ग, जो कि संयुक्त जिला कार्यालय जाने वाली मार्ग है। जहां से जिले के कलेक्टर समेत विभिन्न विभागों के आला अफसरों का आना जाना है। वहीं इस मार्ग में सुबह से देर रात तक लोगों की भी आवाजाही रहती है। सड़कों पर मवेशियों के जमा होने से आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। नगरीय प्रशासन की अनदेखी का खामियाजा राहगीरों को उठाना पड़ रहा है।

जैविक खाद की उपयोगिता से किसानों में खुशियां छाई

खरोरा/नवप्रदेश। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत शासन के द्वारा 2 रुपये प्रति किलो की दर से गोबर कम किया जा रहा है उससे किसानों को रोजगार प्राप्ति के साथ ही उनकी आय में भी वृद्धि हुई है एवं किसान अपने जानवरों की देखभाल करने में रूचि लेने लगे हैं। गौठान में स्व सहायता समूह के माध्यम से उच्च श्रेणी के वर्मी कम्पोष्ट सुपर कम्पोष्ट तैयार किया हुआ जैविद खाद गोठान एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसे किसान अपने फसलों में उपयोग कर रहे हैं। जिससे केमिकल फर्टिलाईजर की उपयोगिता में कमी आयी है साथ ही भूमि की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है एवं भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हो रही है। एवं सहकारी समितियों से किसान स्वतः ही जैविक खाद कय कर अपने खेतों में उपयोग कर रहे हैं। उनके साथ किसी प्रकार की जबरदस्ती नहीं किया जा रहा है।

विधायक के नेतृत्व में आजादी गौरव यात्रा निकाली गई

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने आजादी के 75 वर्ष पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेरलाकला से बेमेतरा के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में गांव-गांव में जनजागृति लाने के लिए आजादी गौरव यात्रा को रवाना किया। ज्ञात हो कि आजादी के 75 में वर्षगांठ को जन-जन तक यादगार बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभावार इस यात्रा का आयोजन किया गया हैं। यात्रा में प्रदेश के कोने कोने में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े हुए अविस्मरणीय पल को लोगों तक पहुंचाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की यादें युवाओं के दिलों में सजोने के लिए, युवाओं में ऊर्जा भरने के लिए इस यात्रा के माध्यम से संदेश पहुंचाया जाएगा। आजादी गौरव यात्रा दिनांक 9 से 14 अगस्त 2022 तक बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बेरलाकला से होते हुए बेमेतरा शहर के गांधी मैदान में समाप्त होगी। इस दौरान गुजरने वाले गांव यात्रा के भव्य स्वागत सत्कार की तैयारियां कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा ग्रामवासियों द्वारा की गई हैं। यात्रा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे सभी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी भी आम जनता को दी जाएगी। आजादी गौरव यात्रा के दौरान विधायक आशीष छाबड़ा के साथ बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, विजय पारख, मौजीराम साहू, रवि परगनिया, चंद्रवीजय धीवर, नेतराम निषाद, भीखम साहू, राजाराम देवांगन, चंदू यादव, रासबिहारी कुर्रे, भारतभूषण साहू, विनोद परगनिहा, तखतराम साहू, कमल साहू, सिद्धिक खान, बबला वर्मा, मन्नु निषाद, राजा साहू, कुशाल नायक, आशीष परगनिया, इंद्रचंद जैन, डीगम्बर परगनिया, प्रवीण शर्मा, डिम्मी वर्मा, पप्पू साहेब, चेतन बंजारे, टिकेंद्र परगनिया, बबली सोनवानी, कृष्णा चतुर्वेदी, मनीष साहू, लक्ष्मण साहू, राजकुमार सेन, राकेश सोनी, मोनल सिन्हा, गुड्डु सेन, जितेंद्र जोशी, खेलन यादव, नीलेश वर्मा, अर्पित परगनिया, रवि साहू, कमलेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसगण उपस्थित रहें।

जीवन के अंतिम क्षण तक क्षेत्र की बहनों की सेवा करता रहूंगा : योगेश

■ **किसान नेता ने बहनों को एक भाई के रूप में कर्तव्यों के निर्वहन का दिया आश्वासन**

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाओं ने ग्राम नेवनारा में चंडी माता मंदिर पहुंचकर किसान नेता योगेश तिवारी को रक्षासूत्र बांधकर सुख-दुख में हमेशा साथ रहने संकल्प लिया। इस समारोह में विधानसभा क्षेत्र की करीब लगभग 5 हजार महिलाएं शामिल हुई। किसान नेता ने समारोह में आई सभी बहनों को रक्षा सूत्र बांधने के बाद उपहार भेंट किया। इस दौरान किसान नेता ने समारोह में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व भाई एवं बहन के लिए महत्वपूर्ण होता हैं। बहनों के द्वारा भाई के कलाई पर रक्षाबंधन बांधकर अपनी रक्षा की जिम्मेदारी अपने भाई को सौपते हुए जीवन भर रक्षा का वचन लेती हैं। यहां उपस्थित बहनों को यह वचन देता हूं कि एक भाई के रुप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा, इसके लिए आप सब आशीर्वाद दें। सभी बहनों को वचन देता हूं एक भाई के रूप में जो मेरा कर्तव्य है उसे पूरा करूंगा। बेमेतरा क्षेत्र के विकास में भी बहनों का भागीदारी रहे इसे सुनिश्चित करने के लिए आप लोगों के कंधे से कंधा मिलाकर जीवन भर चलने का वचन देता हूं।

वृद्धा आश्रम का कराया जाएगा निर्माण

इस अवसर पर किसान नेता ने माता के मंदिर में क्षेत्रवासियों के खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। किसान नेता ने कहा कि 200 बेड की धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए ट्रस्ट बनाया गया हैं। इस धर्मशाला में वृद्ध, बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था बनाई जाएगी। भवन निर्माण के लिए भूमि दान की हैं। अगले साल फरवरी-मार्च माह तक भवन निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया हैं।

रक्षाबंधन पर्व मनाने आई बहनें मेरे परिवार का हिस्सा

इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि कुलदेवी चंडी माता मंदिर ग्राम नेवनारा में रक्षाबंधन का पर्व मनाने विधानसभा क्षेत्र की हजारों बहने इकट्ठा हुई हैं। बीते 6 साल से इन बहनों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाते आ रहा हूं। हर बार क्षेत्र की हजारों बहनों का आशीर्वाद मिलता हैं। सौभाग्यशाली हूं कि मैंने नेवनारा की पुण्य धरा में जन्म लिया हैं। जीवन के अंतिम सांस तक बेमेतरा के लोगों की सेवा करूंगा। रक्षाबंधन का पर्व मनाने आई बहने मेरे परिवार का हिस्सा हैं। इन बहनों का प्यार व स्नेह मिलता रहा हैं। कोरोना काल के दौरान कोरोना पॉजिटिव होने क्षेत्र की बहनों के आशीर्वाद और दुआओं के कारण स्वस्थ हो पाया।

बरसते पानी में कांग्रेसियों ने निकाली गौरव यात्रा, कार्यकर्ताओं में नजर आया उत्साह

बालोद/नवप्रदेश। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों द्वारा आजादी की गौरव यात्रा के नाम से पदयात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा लिए सैकड़ों कांग्रेसी रवाना हुए। बारिश के बावजूद कांग्रेसियों ने उत्साह दिखाया और अलग-अलग क्षेत्र में पदयात्रा की। कहीं छाता लेकर तो कहीं भींगते हुए नेताओं ने पदयात्रा की।

पुरुर से भरदा तक निकली यात्रा

गुरुर में विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में आजादी की गौरव यात्रा के साथ पदयात्रा शुरू हुआ। इस दौरान पहले दिन पुरुर से भरदा तक विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पदयात्रा की। इस पदयात्रा को बारिश भी न रोक सकी और बरसते पानी में भी लोगों से मिलते हुए विधायक व कांग्रेसियों ने यात्रा पूरी की। पुरुर से कुलिया कनेरी गुरुर होते हुए कांग्रेसी भरदा पहुंचे। इस दौरान विधायक संगीता सहित पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य ललिता पिमन साहू, नौशाद कुरेशी, संयुक्त महामंत्री सुमित राजा राजपूत सहित अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

सांकरी से सिकोसा तक हुई यात्रा

गुंडरदेही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू के नेतृत्व में सांकरी के शीतला मंदिर एवं जैन श्वेतांबर मंदिर में पूजा-अर्चना कर पैरी होते हुए सिकोसा के अटल समसरता भवन में समापन किया गया। पदयात्रा में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष सुचित्रा हेमंत साहू,डॉ नारायण साहू, प्रकाश नाहटा, संजय साहू,जोन अध्यक्ष अनिल कटहरे,ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष मो सलीम,युगांत चन्द्राकर, नरेंद्र तिवारी, जनपद सदस्य रमादेवी ठाकुर, ममता चन्द्राकर, महामंत्री मोंटू चन्द्राकर, संजय बारले, संतोष निषाद,अभिषेक यादव, सचिव रूपचंद जैन, गोपी साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

6 गांवों में संसदीय सचिव ने निकाली पदयात्रा

ब्लॉक कांग्रेस देवरीबंगला द्वारा विधायक व संसदीय सचिव के साथ कांग्रेस के पदाधिकारी के विशेष उपस्थिति में सिर पर गांधी टोपी और हाथ में तिरंगा लिए आजादी की गौरव भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली गई। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को 10:30 बजे सालहे बाजार में एकत्रित होकर पूजा अर्चना कर यात्रा प्रारंभ की। पदयात्रा मनकी, राघोनवागांव, रीवागहन, मारीबंगला व देवरीबंगला ग्राम में पहुंची। जहां ग्रामीणों ने पदयात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया। संसदीय सचिव व विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि आजादी प्राप्त करने में कांग्रेस का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारा आन बान शान का प्रतीक है। उसे भाजपा के लोग नहीं समझ पा रहे हैं। आजादी के 75 अमृत वर्षगांठ पर 9 से 14 अगस्त तक प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बैनर तले स्वाधीनता की गौरव यात्रा निकाली जा रही है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 75 किलोमीटर की पदयात्रा निकली जा रही है।

बरसते पानी में पूर्व मंत्री बृजमोहन ने गरियाबंद में निकाली तिरंगा यात्रा

गरियाबंद/नवप्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार की शाम हर घर तिरंगा अभियान को लेकर इसके संयोजक पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने बरसते पानी में स्थानीय दुर्गा मंदिर से तिरंगा चौक से में बाजार बस स्टैंड होते हुए गौरवपथ के बाद शारदा चौक में यात्रा का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति जागृत करने का अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। प्रत्येक नागरिकों को आजादी के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर उत्साह और उमंग दिखाना है। उन्होंने आव्हान किया कि प्रत्येक नागरिक अपने घरों में तिरंगा फ हराए और गरिमामय उत्सव मनाए। उनके साथ तिरंगा यात्रा में स्थानीय भाजपा नेता भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा। देशभक्ति भावना के लिए वातावरण हम सबको निर्मित करने की जरूरत है। भाजयुमो को मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकाले जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यात्र के समापन शारदा चौक में नागरिकों को संबोधित करते हुए इस तिरंगा यात्रा में शामिल होने पर आभार व्यक्त करते हुए अपील किया कि हर घर तिरंगा फ हराकर देशभक्ति का मिसाल कायम करें।

नाबालिग लड़की से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना सिंघनपुरी की है। पीड़ित लड़की ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी राम साहू से लिफ्ट लेकर उसकी बाइक में बैठकर स्कूल जा रही थी, तब स्कूल आ जाने पर मेरे द्वारा रोकने बोलने पर नहीं रोका तथा मुझे पालक गांव के जंगल के पास ले जाकर छेड़छाड़ करने लगा। चिल्लाने पर गांव के दो लोग आये देखकर आरोपी भाग गया। तब ग्रामीणों के द्वारा मुझे स्कूल में लाकर सुरक्षित छोड़ा गया। पुलिस ने शिकायत पर जांच उपरांत आरोपी राम साहू पिता गैंदुराम 29 साल ग्राम जरहा नवागांव को गिरफ्तार कर लिया।

चिटफंड कंपनियों की जमीन कुर्क, नीलामी स्थगित

बेमेतरा/नवप्रदेश। निवेशकों के संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत चिटफंड कंपनी की ग्राम पथर्रा तथा बसनी तहसील व जिला बेमेतरा में कुर्क की गई भूमि की नीलामी के संबंध में दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। जिसमें नीलामी की तिथि 18 अगस्त नियत थी। किन्तु उक्त प्रकरण में उच्च न्यायालय बिलासपुर की पारित आदेश के परिपालन में नीलामी की प्रक्रिया आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इस आशय की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा ने दी।

हर घर झंडा अभियान का नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा में शासन के निर्देशानुसार हर घर झंडा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत साजा में अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल ने तिरंगा झंडा दिखाकर हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पार्षदों को झंडा वितरण किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, सभापति अवधेश गोयल, पार्षद संतोष बाजीगर, बिसरू राम साहू, एल्डरमैन रोहित वर्मा, शांता निर्मलकर, दिनेश साहू सहित मुख्य नगर पालिका अधिकार आरएल सुधाकर, भारत भुषण ठाकुर, ठुबलू राम सिन्हा, केशव राम साहू, रामकुमार सोनी, दुकालू राम वर्मा, मनोज यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहें, वही अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल ने नगरवासियों को विश्व आदिवासी दिवस एवं मोहर्रम की बधाई दी।

जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने में सांख्यिकी विभाग बना सहायक

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम भिलाई निवासी तुलसी निषाद के जन्म प्रमाण पत्र की दिक्कत को आसान करने में सहायक बनी जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय। तुलसी निषाद ने बताया कि उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के नोनी सशक्तीकरण योजना के लाभ लेने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण इस योजना के लाभ से वंचित थी। उनके माता-पिता द्वारा तुलसी निषाद का पंजीयन संबंधित थानें में करवाया गया था किन्तु जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया था। प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण छत्तीसगढ़ शासन के नोनी सशक्तीकरण योजना का लाभ लेने से वंचित थी। अपने जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी लेने जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय पहुंची। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के उप संचालक एस.के. बंजारे ने बताया कि वर्ष 2005 तक जन्म-मृत्यु पंजीयन थानों के द्वारा किया जाता था। थानों से उपलब्ध कराई गई दस्तावेजों का अवलोकन कर उन्होंने तुलसी को जन्म पंजीयन की द्वितीय प्रति तत्काल उपलब्ध कराया। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के सहयोग से तुलसी को शासन के नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत 20 हजार रूपये की सहायता राशि का लाभ मिल पाया। उप संचालक बंजारे ने अवगत कराया है कि जन्म एवं मृत्यु की घटना के 21 दिन के भीतर पंजीयन कर प्रमाण पत्र निःशुल्क घटना स्थल के रजिस्ट्रार से ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। विलंबित की स्थिति व 01 साल से अधिक की स्थिति में धारा 13 (3) के तहत संबंधित तहसीलदार से अनुमति प्राप्त कर संबंधित रजिस्ट्रार से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

2023 मिशन के लिए महिलाओं का प्रशिक्षित होना आवश्यक : लता

■ **भाजपा महिला मोर्चा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न**

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा जिला महिला मोर्चा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हई। लता वर्मा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा के द्वारा स्वागत भाषण के साथ प्रशिक्षण सत्र का आगाज हुआ। वर्ग के बाद महिला मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री भावना बोहरा ने केंद्र सरकार की विकास योजनाएं एवं हमारा प्रदेश विषय पर विस्तार से बताते हुए कहा की विभिन्न् जनहितकारी योजनाएं केंद्र की मोदी सरकार ने जारी की है इसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग की उपयोगिता के बारे में बताते हुए आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा यहां से निकलकर कार्यकर्ता आम जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं एवं भाजपा की विचारधारा को बताएंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि संगठन को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं का विशेष योगदान है। महिलाएं भाजपा की रीड हैं। प्रत्येक पोलिग बूथ पर महिलाओं के समूह बनाए जाएंगे और केंद्र सरकार की उपलब्धियां घर-घर तक पहुंचाई जाएंगी, महिलाओं को पार्टी की कार्य पद्धति और व्यक्तित्व विकास के लिए महिलाओं को सजग किया जाएगा और 2023 मिशन के लिए महिलाओं को तैयार किया जाएगा। प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा ने संगठन संरचना हमारी भूमिका के सम्बंध में अपना उद्बोदन दिया और कहा कि संगठन के विस्तार में भी महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जब प्रशिक्षित पदाधिकारी अपने संगठन की महिलाओं को प्रशिक्षित करेंगे तो संगठन की ताकत बढ़ेगी। वर्ग का संचालन जिला महामंत्री मधु रॉय ने किया। इस दौरान सावित्री रजक, मधु राजपूत, दुर्गा सोनी, सजनी यादव, सरिता कुंभकार, बिनो सोनकर, भुनेश्वरी वर्मा, पुष्पा साहू, सुनीता साहू, अमिता बघेल आदि उपस्थित रही।

नगर में निकला ताजिया का जुलूस

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर में मोहर्रम की 10वीं तारीख को ताजियादारों ने पैगंबर हजरत इमाम हुसैन की याद में मंगलवार को ताजिया का जुलूस निकाला। नगर में कदीमी रास्तों से होता हुआ ताजिया जुलूस देर रात कर्बला पहुंचे। यह जुलूस नगर के इमामबाड़े से हटरी पारा, बस स्टैंड, दर्री पारा के रास्ते करबला पहुंचा। घरों में गूंजती या हुसैन की सदाओं के बीच महिलाओं ने पूरी रात मातम कर कर्बला के शहीदों का गम मनाया। इस्लाम में मुहर्रम से ही नए साल की शुरुआत होती है। मुस्लिम समाज के लोगों ने कोरोना गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन करते हुए त्यौहार मनाया। पेश इमाम अब्बास खान ने बताया कि इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में मानवता और इस्लाम की हिफ ाजत के लिए शहीद हो गए। इमाम हुसैन से सारी दुनियां मोहब्बत करती है। ताजिया जिस मोहल्ले से निकला वहां देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के मुख्य मार्गों से ताजिया निकाला गया। या अली, या हुसैन के बुलंद नारे लगाते हुए ताजिया जुलूस में सैकड़ो मुस्लिम समाज के लोग उमड़ पड़े। कार्यक्रम का आयोजन मुश्लिम जमात नवागढ़ की ओर से किया गया।

राज्य महिला आयोग ने 13 प्रकरणों को किया नस्तीबद्ध

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में सोमवार को महिल आयोग की जनसुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखी गई। जनसुनवाई के लिए बेमेतरा जिले के 16 विभिन्न मामलों के प्रकरण रखे गये जिसमें से 13 प्रकरणों का निबटारा कर नस्तीबद्ध किया गया। एक प्रकरण सुनवाई के लिए रायपुर स्थानांतरित किया गया। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपध्याय उपस्थित थी। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष डॉ. नायक ने मीडिया प्रतिनिधियों से रु-ब-रु होते हुए बताया कि बेमेतरा जिले में यह आयोग की 125वीं जनसुनवाई है। अब तक 2737 मामलों की जनसुनवाई हो चुकी है। बेमेतरा जिले के 16 विभिन्न मामलों के प्रकरण रखे गये जिसमें से 13 प्रकरणों का निबटारा कर नस्तीबद्ध किया गया। एक प्रकरण सुनवाई के लिए रायपुर स्थानांतरित किया गया। आयोग द्वारा 30 हजार परिवारों की जनसुनवाई हुई है। आयोग अध्यक्ष डॉ. नायक ने बताया कि लोगों को अपने कानूनी अधिकार की जानकारी देने हरेली तिहार के दिन से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ की शुरुआत की गई है। जो 12 अगस्त तक गांवों का भ्रमण करेगा। इसके लिए जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की राशि का उपयोग किया जायेगा। इस रथ मे एलईडी स्क्रीन लगी हुई है। जिसमें कानूनी अधिकारों से पुरस्कृत फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। टोनही प्रताड़ना के मामले, मानव तस्करी, भ्रूण हत्या की रोकथाम पर आधारित यह फिल्म 8 से 10 मिनट तक की है।

प्रथम पेज का शेष...

लागू हुआ पेसा कानून...

फैसला ले सकेंगे। सीएम ने कहा पेसा कानून पहले से अस्तित्व में था लेकिन इसके नियम नहीं बनने के कारण इसका लाभ आदिवासियों को नहीं मिल पा रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पेसा अधिनियम को लेकर नियम बन चुका है और इसके लिए आठ अगस्त को राजपत्र में प्रकाशन भी किया जा चुका है। सीएम विज्ञान महाविद्यालय परिसर स्थित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। जिसमें राज्य भर के जनजाति समुदाय के लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आदिवासियों के हितों को संरक्षण देने के लिए राज्य में पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा का मुख्यमंत्री ने कहा है कि आदिवासियों के हितों को संरक्षण देने के लिए राज्य में पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा का अधिकार बढ़ेगा। नए नियम से ग्राम सभा के 50 प्रतिशत सदस्य आदिवासी समुदाय से होंगे। इस 50 प्रतिशत में से 25 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी। इस अवसर पर शिक्षा एवं आदिम जाति विकास मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, अनुसूचित जन जाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, अनुसूचित जन जाति आयोग की उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान, विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष भारत सिंह समेत हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

आदिवासी अपने गांवों में बैंक खोलने की कर रहे मांग : सीएम ने कहा बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अपने गांवों के लिए बैंक खोलने की मांग कर रहे हैं। राज्य सरकार 65 प्रकार के लघु वनोपज खरीद रही है और इससे आदिवासियों का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है, यही वजह है कि बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अपने गांवों के लिए बैंक खोलने की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के स्वास्थ्य के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है और इसी का नतीजा है कि मलेरिया के मामलों में 65 प्रश कमी आई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक से भी लाखों लोग लाभांवित हो रहे हैं।

महाराष्ट्र कैबिनेट का ...

लोढ़ा, विजयकुमार गावित और अतुल सावे शामिल हैं। शिंदे समूह से दादा भुसे, शंभूराजे देसाई, संदीपन भुमरे, उदय सामंत, तानाजी सावंत, अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर, गुलाबराव पाटिल और संजय राठौड को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

श्री शिंदे ने इससे पहले दक्षिण मुंबई के सह्याद्री गेस्ट हाउस में शिवसेना विधायकों से मुलाकात की ताकि शपथ न लेने वालों को शांत किया जा सके। शिंदे की नई टीम में सभी के सभी मंत्री करोड़पति हैं। इसमें सबसे ज्यादा संपत्ति मालाबार हिल्स सीट से भाजपा विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा के पास है।

सुप्रीम कोर्ट की दो...

पर सुनवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कानून के विपरीत है। इतना ही नहीं अपनी मौखिक टिप्पणी में सुप्रीम कोर्ट ने साल 2002 में आए टीएमए पाई फैसले का संदर्भ दिया।

पीटीआई के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका मथुरा निवासी देवकीनंदन ठाकुर ने दायर की थी। याचिका में कहा गया कि टीएमए पाई मामले में आए फैसले से कानूनी स्थिति एकदम स्पष्ट है कि भाषायी और धार्मिक अल्पसंख्यक तय करने के लिए इकाई राज्य होगा। अधिवक्ता आशुतोष दुबे के जरिए दायर याचिका में 23 अक्टूबर 1993 को सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर जारी अधिसूचना को मनमाना, अतार्किक और संविधान के अनुच्छेद 14,15,21,29 और 30 का विरोधाभासी करार देने का अनुरोध किया गया था।

इससे पहले 18 जुलाई को हुई पिछली सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के इस तर्क पर सवाल किया था कि हिंदुओं को उन राज्यों में अल्पसंख्यक का दर्जा नहीं मिल रहा है जहां वे अल्पसंख्यक हैं। अदालत ने पूछा था कि क्या इस दावे के पक्ष में ठोस उदाहरण है। शीर्ष अदालत ने तब कहा था कि अगर इस संबंध में कोई ठोस तथ्य उसके सामने पेश किया जाता है तो तब वह सुनवाई करेगी।

प्रदेश के कई जिलों ...

गरियाबंद तथा उसके लगे एक-दो जिलों में गरज-चमक के साथ मध्यम से अति बारिश व वज्रपात होने की संभावना जताई है। जबकि राजधानी रायपुर, दुर्ग, कवर्धा, बलोदाबाजार, जांजगीर और बेमेतरा व उससे लगे जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ के 28 तहसीलों में सूखे की संभावना थी। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सभी कलेक्टरों को नजरी आंकलन का निर्देश दिया गया था, लेकिन पिछले तीन दिनों में जिस तरह से प्रदेश में बारिश हुई है और हो रही है। इससे सूखे को कवर करने की संभावना है।

आज भी होगी जोरदार बारिश : रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका नलिया अहमदाबाद इंदौर मंडला रायगढ़ निम्न दाब का केंद्र उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर अंडमान सागर तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक अवदाब तटीय उड़ीसा और उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित है, इसके साथ उपरी हवा का चक्रवाती घेरा 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की सम्भावना है। इसके प्रभाव से आज भी छग के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटें पडने की सम्भावना है। वहीं कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने तथा एक दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी तथा अति भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छग रहेगा।

बस्तर संभाग में बिगड़े हालत : पिछले 72 घंटे से बस्तर संभाग में हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। जगदलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यहां से 30 किलोमीटर दूर सोनारपाल के पास मरकण्डी नदी में बाढ़ का पानी भरने से सड़क संपर्क कट गया है। गाड़ियों की आवाजाही तीन घंटे से बंद है।जगदलपुर-चित्रकोट मार्ग देउरगांव के पास बाधित होने से आवागमन भी ठप है।

इंद्रावती खतरे के निशान से ऊपर बह रही : सुकमा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कोंटा-चेट्टी के बीच वीरापुरम, इंजरम, डुब्बाटोटा, सुकमा में थाना के पास सबरी नदी व उसके सहायक नालों का जलस्तर बढ़ने से पानी भर गया है। इस कारण जगदलपुर-सुकमा, सुकमा-कोंटा, कोंटा-चेट्टी का सड़क संपर्क कट गया है। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना से संपर्क बाधित है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.ई.पंजी./202208082200002
अ/6 वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार धावलकर पिता शेष नारायण धावलकर साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र.-10डी भूखंड क्र. 96/2 कुल क्षेत्रफल 81.00 वर्गमीटर भूखंड नजूल अभिलेख संधारण खसरा में धारक शेषनारायण पिता लशकर प्रसाद धावलकर साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। धारक शेषनारायण धावलकर पिता लशकर प्रसाद धावलकर द्वारा उक्त भूखंड शीट क्र. 10डी भूखंड क्र. 96/2 कुल क्षेत्रफल 81.00 वर्गमीटर भूखंड को अपने पुत्र दीपक कुमार धावलकर के पक्ष में पंजीकृत दानपत्र दिनांक 28.06.2022 निष्पादित किए जाने के फलस्वरूप आवेदक द्वारा उक्त भूखंड को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 2/9/2022 को नियत की गई है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा पेश करना है तो स्वयं या वैध अभिकर्ता के माध्यम से नियत तिथि के पूर्व कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2/8/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 02/08/2022
पेशी दिनांक 02/09/2022

सील

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक – चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

भटगांव/नवप्रदेश। सावन मास के आखरी सोमवार को नगर भटगांव में गूंजा भगवान शिव का जयकारा जगह जगह कराया गया रुद्राभिषेक। श्रावण माह लगते ही लोगो में भगवान भोलेनाथ की पूजा प्रारंभ हो जाती है और भग्तगण भगवान शिव की विधिविधान से पूजा करते हैं और कोरोना काल के लंबे समय बाद पूरे क्षेत्र में कावड़ियों का भीड़ बोल बम की टोली अलग-अलग जगहों से निकली है जिसमें नगर भटगांव से निकलने वाली बोल बम की टोली सलिहाघट महानदी से जल भरकर पैदल चलते गए भटगांव के पंचवक्र भोलेबाबा के मंदिर पहुंच कर कावड़ियों ने जल चढ़ाया और अपनी मनोकामना पूर्ति की कामना की। सावन मास की आखरी सोमवार होने से नगर भटगांव सहित आसपास क्षेत्रों की शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा और जगह-जगह मंदिरों में रुद्राभिषेक किया गया।

चौबेबांधा सिंधौरी सड़क मार्ग के लिए 76.27 लाख का भेजा प्रस्ताव

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड अंतर्गत चौबेबांधा से सिंधौरी मार्ग जिसकी कुल लम्बाई 3.40 किलोमीटर है। उक्त मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु 76.27 लाख रूपये का प्रस्ताव एवं विस्तृत प्राक्कलन शासन को प्रेषित किया गया है। जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा जिला प्रशासन को प्रेषित प्रतिवेदन में अवगत कराया गया है कि उक्त मार्ग के निरीक्षण के दौरान मार्ग के किलोमीटर 2/8 के पास स्थित घरों एवं खेत के पानी का निकासी नहीं होने के कारण मार्ग में जल भराव हो गया था। जिसमें भारी वाहनों के आगमन होने से दो-तीन जगहों पर हल्का गड्ढा बन गया। उक्त गड्ढे से नाली काटकर पानी निकाल दिया गया है। आवागमन सुविधा हेतु शीघ्र गड्ढे भाग पर डब्ल्यूबीएम का मटेरियल डालकर भर दिया जायेगा। सड़क के शेष भाग पूरा डमरीकृत है और अच्छी स्थिति में है।

वरिष्ठ कांग्रेसी याकूब भाई की कांग्रेस भवन में लगी तस्वीर

भाटापारा। क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व याकूब भाई की तस्वीर कांग्रेस भवन में लगाई गई है। स्व याकूब भाई के सुपुत्र



यासीन जलियावाला ने बताया कि उनके पिता के द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिए दिए गए योगदान को संजोकर रखने व उनकी स्मृति को यादगार बनाये रखने के उद्देश्य से उनके पिता की तस्वीर कांग्रेस भवन में लगाई गई है, जिसके लिए यासीन ने कांग्रेस के नेताओ के प्रति आभार जताया हैं।

छात्र संघ का शपथ ग्रहण संपन्न

भाटापारा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में छात्र प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण हुआ इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति डॉ गोपाल प्रसाद साहू ने छात्र प्रतिनिधियों को शपथ दिलाया। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि गत 3 वर्षों से इस स्कूल में शाला नायक के रूप में छात्रा ही का चयन होता है। इस वर्ष *कुमारी हेमपुष्पा* का चयन हुआ है ,उपशाला नायक के रूप में तुषार, क्रीडा नायक के रूप में कुमारी प्रियंका यादव इसी तरह से प्रिया वर्मा, प्रकाश, रोहन कौशल, मनीषा मानिकपुरी, लोमेश ,जमुना साहू, सपना कुर्रे, मोनिका आदि छात्र छात्राओं का विभिन्न पदों पर चयन हुआ है जिसका पदभार एवं शपथ ग्रहण विधि पूर्वक संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ साहू ने छात्रों को संक्षिप्त संबोधन में बताया कि यह एक जिम्मेदारी है अध्ययन के साथ-साथ बेहतर शाला प्रबंधन, संचालन का ध्यान रखना छात्रों की जिम्मेदारी होती है तथा बहुत से नैतिक शिक्षा आदि के विषय में विस्तार से छात्रों को संबोधित कर समझाया। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से प्राचार्य संजय तिवारी, शिक्षक गण व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रिकॉशन डोज लगवाने पर जोर

■ **जन-जागरुकता के लिए जिला प्रशासन और यूनिसेफ के तत्वावधान में हुई सर्व समाज व जनप्रतिनिधियों की बैठक**



राजनांदगांव/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने हेतु तैयारियां पूरी कर ली गई है। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करने की अपील के साथ जिले में टीकाकरण केंद्रों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है।

कोविड टीकाकरण के प्रिकॉशन डोज के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और यूनिसेफके तत्वावधान में सर्व समाज व जनप्रतिनिधियों की बैठक की गई। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा, कोविड जैसी महामारी का सामना हम सभी ने साथ मिलकर किया और आज भी यह महामारी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। संक्रमण की रोकथाम के प्रयासों की कड़ी में टीकाकरण के प्रथम व द्वितीय डोज के बाद पात्र लोगों को बूस्टर डोज भी लगाया जा रहा है। शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करना आवश्यक है। बूस्टर डोज लगाने के लिए भी सभी को मिलकर इस अभियान को गति प्रदान करना है। कोविड-19 संक्रमण से सुरक्षा के लिए यह बहुत जरूरी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा, कोरोना संक्रमण का दौर अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसके लिए वृहद रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा पात्र लोगों का टीकाकरण भी किया जा रहा है। अब तक के टीकाकरण कार्यक्रम में 102 प्रतिशत प्रथम डोज, 92 प्रतिशत द्वितीय डोज तथा 15 प्रतिशत बूस्टर डोज लगाए गए हैं। यूनिसेफ जिला प्रमुख अभिनय सिंह ठाकुर ने कहा, समाज प्रमुख और संस्था और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कोविड टीकाकरण के प्रिकॉशन डोज के लक्ष्य को सहजता से पूरा किया जा सकता है, इसीलिए टीकाकरण अभियान में जनसहभागिता आवश्यक है।

स्वास्थ्य विभाग से अनामिका ने बताया

अगस्त माह में कोविड टीकाकरण अभियान के 100 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने हेतु तैयारियां पूरी कर ली गई है। बैठक के दौरान यूनिसेफ द्वारा चलाए जा रहे रोको-टोको अभियान में कार्यरत स्वयंसेवकों को नगर निगम आयुक्त और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

बैठक में नगर निगम आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, सीपीएम अनामिका, महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ रीना ठाकुर, एनएसएस जिला प्रमुख सुरेश पटेल, जिला संगठक रेडक्रॉस प्रदीप शर्मा व स्काउट गाइड से मयुख श्रीवास्तव उपस्थित थे।

फिल्मी स्टाइल से उठाईगिरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। बैंक से पैसा निकालकर निकले ग्रामीण के मोटरसायकल की डिग्गी में रखे बेग को पार करने वाले 2 उठाई गिरो को गिरफ्तार करने में सिमगा पुलिस को सफलता प्राप्त की है।दोनो आरोपियो ने 2 घटना को अंजाम दिया था।

उपरोक्त संबंध में सिमगा थाना प्रभारी निरीक्षक अमीत कुमार तिवारी ने बताया कि थाना सिमगा के अपराध क्रमांक 350/2022 एवं अपराध क्रमांक 194/2022 धारा 379 भादवि के दो मामलों के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपि गण स्थानिय बैक के बाहर बैठकर घंटो रेकी करते थे। फिर टारगेट सेट करके उनका पीछा कर घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते थे प्रभारी ने बताया कि 26 अप्रेल को प्रार्थी प्रहलाद साहू साकिन औरेंठी इलाहाबाद बैक से पैसा निकालकर कुबेर किराना दुकान के सामने सिमगा के पास गन्न रस पीने रूका था उस वक्त उसकी मोटर सायकल के डिग्गी से 30000 रूपया नगद पार हो गया था इसी प्रकार प्रार्थी रत्नेश शर्मा साकिन औरेठी जिला सहकारी बैक से 50000 रूपया निकाल कर अपने मोटर सायकल से राजधानी पान दुकान के पास पान खाने रूका व अपने पैसा वाला झोला को मोटर सायकल के हेडल में टांग दिया था जिसे मौका पाकर आरोपी द्वारा पैसा वाला झोला लेकर भाग गया।

उक्त दोनों घटना के संदेही भीमखोज थाना खल्लारी के होने की जानकारी होने पर पुलिस टीम द्वारा वहां जाकर पतसाजी कर राकेश ध्रुव साकिन कुहरी कोडार बांध थाना तुमगांव हाल भीमखोज खल्लारी और भुनेश्वर ध्रुव साकिन ठेलका बोड छोटे पारा कांकेर थाना कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर हाल भीमखोज खल्लारी को विस्तार से पुछताछ करने पर दोनो को गिरफ्तार कर दोनो आरोपीओ से 5600 रूपया एवं 5200 रूपया एवम घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक CG06GV3409 को जप्त कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक ईश्वर टोप्पो, प्रआर 115 चन्द्रभान पाण्डेय, प्रआर 650 राम नारायण वर्मा एवं आरक्षक धर्मेन्द्र यादव, शिवा चतुर्वेदी का विशेष योगदान रहा है।

विधायक छाबड़ा ने उठाया कांवड़ क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के चौथे सोमवार के अवसर पर बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने हजारों शिव भक्तों साथ कावर यात्रा में शामील हुए। ग्राम भेड़नी में मां नर्मदे के पावन कुंड से जल लेकर पहले कांवड़ की मंत्रोच्चार के साथ पूजा की गई। फिर कांवड़ यात्रा प्रारंभ की गई शिव की भक्ति में लीन होकर आशीष छाबड़ा कांवड़ उठाकर पैदल चलते हुए बोल बम का नारा लगाते हुए 4 किमी की पदयात्रा कर ग्राम देवरबिजा के प्राचीन महाकाल मंदिर में पहुंच रूद्र अभिषेक किया। साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पंचायत भेड़नी में हाई मास्क लाईट एवं वाटर कूलर का लोकापर्ण सहित ग्राम हड़गाव में 3 लाख रूपए से मां शीतला मंदिर में बनने वाले ज्योति कक्ष निर्माण का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए।

राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाया

भाटापारा/नवप्रदेश। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स स्पोर्ट्स असोसिएशन बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा राष्ट्रीय भाला फेंक (जेवलिन डे) शासकीय उच्चतर माद्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न हुआ। एसोसिएशन के सचिव शरद पंसारी ने बताया की यह आयोजन नीरज चोपड़ा के द्वारा भारत के लिये जेवलिन थ्रो में गोल्ड मैडल प्राप्त करने पर उसी की याद में हर वर्ष सात अगस्त को भाला फेंक (जेवलिन डे) मनाया जाता है।

इस खेल विद्या को बढ़ावा देने के आयोजित खेल में लगभग 90 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग 14,17,19 वर्ष बालक/बालिका में भाग लिया जिसमे 14 वर्ष बालक में प्रथम शौर्य, द्वितीय अभय, तृतीय अमन, बालिका 14 वर्ष प्रथम हुमेश्वरी, द्वितीय शिवकुमारी,तृतीय चैती 17 वर्ष बालक प्रथम सुजल, द्वितीय भीष्म ध्रुव, तृतीय पोषण देवांगन, 17 वर्ष बालिका प्रथम रागिनी, द्वितीय तनीषा नामदेव, तृतीय टनीसा साहू, 19 वर्ष बालक प्रथम करण भारती, द्वितीय उमेश साहू, तृतीय शैलेन्द्र साहू, बालिका 19 वर्ष प्रथम छाया देवांगन, द्वितीय हेमलता साहू, तृतीय एमन साहू रही । सभी विजेताओं को आयोजन समिति के द्वारा मैडल प्रदान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ जितेंद्र मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम अग्रवाल, हरदयानंद साहू, राजकुमार मल, राजेन्द्र सोनी,आलोक गुप्ता, हरबंस निसाद, सोंचन्द ध्रुव, निर्मल जांगड़े, सुरेश राव, मनोज गुप्ता, आदित्य ठाकुर, अमृत साहू, दीपक वर्मा, पंकज साहू , आकाश आनन्द,चित्ररेखा साहू, हीना यादव, प्रियंका सोनी, प्रदीप कर्ष, राहुल वर्मा, यस, आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

कंवर समाज सामुदायिक व प्राथमिक शाला भवन का विधायक साहू ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम किरगाहाटोला में आदिवासी कंवर समाज के सामुदायिक भवन का एवं ग्राम टिपानगढ़ में प्राथमिक शाला भवन का भूमिपूजन रविवार की सुबह क्षेत्रीय विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने श्रीमती छन्नी चंदू साहू का फूल-मालों से अभूतपूर्व स्वागत किया। विकास की कड़ी में एक और निर्माण के भूमिपूजन के अवसर पर अपने उद्बोधन के दौरान श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा कि हम सबको सर्व समाज को आगे लाने के लिए मिल-जुलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी समुदायिक भवन व्यक्तिगत किसी समाज का नहीं होता इसे सर्व समाज के उपयोग लाया जाना

चाहिए, जिससे सभी के कार्य संपन्न हो सकें और सभी वर्ग को इसका लाभ मिल सके। गांव के गणमान्य नागरिकों को और आम जनता को सभी जनप्रतिनिधियों का हमेशा सहयोग करना चाहिए, ताकि और अधिक ऊर्जा के साथ क्षेत्र के विकास की नई गाथा गढ़ी जा सके और हम अपने क्षेत्र को एक नई पहचान दे सकें। कार्यक्रम के इस मौके पर ही बीते दिनों सड़क दुर्घटना में मृत हुए व्यक्तियों के परिवारों को तीन-तीन हजार रुपये की जनसंपर्क राशि देने की घोषणा श्रीमती छन्नी साहू ने की।

भूमिपूजन के कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य श्रीमती हेमलता बंजारे, वरिष्ठ कांग्रेसी राजू सिन्हा, बैशाखू राम, कलीराम, धीराजी कंवर, देव कुमार सिन्हा, परसराम साहू, सरपंच कुंजल चंद्रवंशी, उपसरपंच हरीश सिन्हा, पूर्व सरपंच, तुलसीराम मंडावी, सुखदेव चंद्रवंशी, प्रकाश मोटघरे, खेमिन, किर्तन लाल, कन्हैया लाल, कुमारी बाई, चेतन लाल, कमलेश्वर, रामभरोसा पडौती सहित ग्राम के अन्य महिला व पुरुष उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

टिपानगढ़ में प्राथमिक शाला भवन के भूमिपूजन के अवसर पर श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा कि गांव में शिक्षा का संचार अत्यंत आवश्यक है। सभी को संगठित रहना जरूरी है, छात्र ही भविष्य में आगे आकर देश व क्षेत्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम सब खुद का और समाज का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं।

पुलिस ने की अवैध शराब पर कार्यवाही

बेमेतरा। थाना बेमेतरा पुलिस को 7 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति आसमानी नीला रंग का होंडा लिवों मोटर सायकल बिना नंबर में बैग में अवैध शराब रख कर सिमगा से बेमेतरा की ओर आ रहा है की सूचना पर थाना बेमेतरा पुलिस स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकडा गया। जिसमें आरोपी दिलीप बंजारे पिता बडकू बंजारे उम्र 21 साल साकिन उसलापुर थाना चंदनू जिला बेमेतरा के कब्जे से कुल जुमला 34 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब कीमती 4080 रूपये एवं मोटर सायकल बिना नंबर का कीमती करीबन 30 हजार रूपये, कुल जुमला रकम 34080 रूपये को आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, हेमंत साहू, अवधेश सिंह, आरक्षक राहुल यादव, राजेश ध्रुव, फिरोज साहू,मनीष मिश्रा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

ग्राम मुरता में प्रस्तावित सौर ऊर्जा प्लांट का विरोध

■ **ग्रामीणों में भयंकर आक्रोश, दी आंदोलन की चेतावनी**

नवागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरता में लगने वाले हीरा फेरो एलाइज लिमिटेड द्वारा औद्योगिक प्रयोजन हेतु सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना का लगातार भारी विरोध जारी है। इसी क्रम में हजारों की संख्या में क्षेत्र के किसानों ने स्थानीय विधायक एवं संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे से भेंट कर उक्त सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया व समस्त समस्याओं के निजात हेतु गुहार लगायी। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने श्री बंजारे को विभिन्न समस्याओं को बताया, जिसमें 150 एकड़ से भी अधिक रकबे में पावर प्लांट प्रबंधन द्वारा बाउंड्रीवाल किया जा रहा है जिससे उक्त क्षेत्र के किसानों को अपने खेत में आने-जाने हेतु रास्ता बंद हो जायेगा और सैकड़ों एकड़ खेत किसानी के आभाव में बंजर हो जायँगे और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उक्त प्लांट की स्थापना के पश्चात कंपनी द्वारा भविष्य में उसके विस्तार की योजना को लेकर भी ग्रामीणजन आशंकित हैं। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर, सी एस आर मद से विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के संचालन पर भी उपस्थित ग्रामीणों ने प्रबंधन के नीयत पर आशंका जताया।

जिला अस्पताल में महिलाओं की निजता भंग, आयोग ने स्वत: लिया संज्ञान

■ **मानव तस्करी रोकथाम पर कार्यशाला आयोजित**

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य अर्चना उपाध्याय की अध्यक्षता में आज सोमवार को महिला आयोग की जनसुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखी गई। जनसुनवाई के लिए बेमेतरा जिले के 16 विभिन्न मामलों के प्रकरण रखे गये जिसमें से 13 प्रकरणों का निबटारा कर नस्तीबद्ध किया गया। एक प्रकरण सुनवाई के लिए रायपुर स्थानांतरित किया गया। इस अवसर पर महिला जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी रमाकांत चंद्राकर, अधिवक्ता सुश्री शमीम रहमान, डॉ. अखिलेश भारद्वाज, शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजन बेमेतरा दिनेश तिवारी, परियोजना अधिकारी म.बा.वि. श्रीमती मनोरमा साहू सहित उभयपक्ष के आवेदिका एवं अनावेदक उपस्थित थे।

एक प्रकरण के सुनवाई में आवेदिका ने जो आवेदन प्रस्तुत किया है उसके तथ्यों को नहीं बता पा रही है। गांव में सरपंच के लिए गए निर्णय के कारण होने वाली परेशानी को नहीं बता रही अनावेदक सरपंच ने बताया कि आवेदिका ने उसके खिलाफकई जगह शिकायत किया गया है। कलेक्टर एस.डी.एम. सी.जी.एम. कार्यालय में प्रकरण लम्बित है लेकिन आज कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है। जिला संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया है कि आवेदिका के गांव जाकर प्रकरण की जांच कर आयोग में प्रस्तुत करें ताकि उसके आधार पर निर्णय लिया जा सके। उप निरीक्षक महिला सेल भी दिनांक 12 अगस्त 2022 को चंदनु पुलिस चौकी थाना नांदघाट क्षेत्र के गांव बगौद जाकर इस प्रकरण में आवेदिका की ओर से दो लोगों का एवं अनावेदक पक्ष से दो लोगों से पूछताछ कर प्रतिवेदन आयोग को प्रस्तुत करेंगे जिससे इस प्रकरण का निराकरण किया जा सकेगा।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका एक शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल के व्यवसायिक शिक्षिका हेल्थकेयर ने स्वीकार किया कि उसने किसी भी प्रकार से आयोग में शिकायत नही की हूं, साथ ही शिकायत आवेदन में जो हस्ताक्षर है वह मेरा नही है इस आधार पर इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया है।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसकी जेठ ने संयुक्त संपति से अपनी पत्नी के नाम से संपति बना लिया है। अनावेदक ने इसकी पुष्टि किया है कि पिता जी ने एक मकान में अपने साथ अपने भाई को जीवन यापन के लिए दिया था उसके दूकान से अनावेदक जेठ ने अपनी पत्नी के नाम से कई संपति खरीद लिया है। आवेदिका के पति का दुकान एवं एक प्लाट दिया है और शेष प्लाट एवं पूराने मकान के साथ ही साथ एक नये मकान अपने साथ रखा है। आवेदिका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद पर नियुक्ति हो गई है। वह प्रकरण आयोग से कार्यवाही नहीं चाहती है। वह केवल प्रकरण आयोग के समक्ष रखना चाहिती थी ताकि उससे अन्य लोगों का सबक मिले कि शादी के समय लड़की को मां बाप से कोई झूठ न बोल और भविष्य खराब न कर सकें। चूंकि आवेदिका आगे कार्यवाही नही चाहती है।

कलेक्टर ने जारी किया स्वतंत्रता दिवस के लिए दिशा निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिले में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में बनाने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बेमेतरा जिले के सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी और नगरीय निकायों के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा समस्त विभागों के जिला प्रमुखों को जारी दिशा-निर्देश में कहा है कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2022 को गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाए, लेकिन कोविड-19 के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर श्री शुक्ला ने जारी दिशा-निर्देश में कहा है कि जिला स्तर पर ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण, परेड की सलामी और माननीय मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। जारी निर्देश में उन्होंने कहा है कि केवल जिला मुख्यालय में परेड का आयोजन किया जाएगा। परेड में पुलिस, एनसीसी, नगर सेना एवं जेल प्रहरी की टुकड़ियां भाग लेंगे। जनपद पंचायत एवं तहसील स्तर पर आयोजित समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान होगा। नगरीय निकायों में निकाय अध्यक्षों द्वारा, पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवो में गांवों के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। जिले के सभी विभाग कार्यालय प्रमुख द्वारा उनके कार्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, तथा ध्वजारोहण के पश्चात् सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन) गाया जाए। उन्होंने जिला मुख्यालयों में स्थित शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रातः 09 बजे के पूर्व सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं, ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मुख्य समारोह में शामिल हो सकें। उन्होंने सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने साथ ही स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की रात्रि में जिले के सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर विद्युत रोशनी करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कार्यक्रम में नक्सली हिंसा में शहीद के परिवारजनों को सम्मानपूर्वक जिला स्तरीय समारोह में आमंत्रित करने और जिले के शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके निवास पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने की बात कही।

छत्तीसगढ़ में लंपी स्किन डिजीज को लेकर सरकार ने जारी किया अलर्ट

बार्डर पर चेक पोस्ट के जरिए होगी निगरानी, आगामी आदेश तक पशु बाजार होंगे बंद

रायपुर/नवप्रदेश। पशुओं को लम्पी स्कीन रोग से बचाव के लिए संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ ने विभाग के संयुक्त संचालकों एवं उप संचालकों को इस रोग के नियंत्रण एवं बचाव के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। लम्पी स्कीन रोक से संक्रमित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने, अन्य राज्यों से पशुओं के आवागमन पर रोक लगाने के साथ ही वेक्टर नियंत्रण एवं संक्रमित ग्रामों के 5 किलोमीटर की परिधि में गोटपाक्स वैक्सीन से रिंग वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए गए है। रोग ग्रस्त पशुओं से नमूना एकत्र कर राज्य स्तरीय रोग अन्वेषण प्रयोगशाला रायपुर को भिजवाने के भी हिदायत अधिकारियों को दी गई है।

लंपी स्कीन संक्रमित रोग

लम्पी स्कीन रोक विषाणुजनित संक्रमित रोग है, जो रोगी पशु से स्वस्थ पशु में छूने एवं मच्छर व मक्खियों के माध्यम से फैलता है। इस रोग में बुखार के साथ पूरे शरीर पर छोटी-छोटी गुटली बन जाती है, जो बाद में घाव में तब्दील हो जाती है। लम्पी स्कीन रोग संक्रमण से दूधारू पशुओं की उत्पादन क्षमता, भार वाहक पशुओं की कार्य क्षमता एवं कम उम्र के पशुओं के शारीरिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। परिणाम स्वरूप पशु पालकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है।

चेक पोस्ट में निगरानी के दिए निर्देश

संचालक पशु चिकित्सा ने लम्पी स्कीन रोक के नियंत्रण हेतु राज्य सीमा से लगे क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगाने तथा नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के 18 जिलों की सीमा अन्य राज्यों से जुड़ी हुई है। जहां से बीमार पशुओं के आवागमन की संभावना है। यह भी संभव है कि पशु व्यापारी द्वारा विक्रय हेतु राज्य में लाए गए पशु रोग ग्रस्त हो, इसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सीमावर्ती ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर चेक पोस्ट लगाकर नियमित चेकिंग सुनिश्चित की जाए तथा आसपास के गांवों में कोटवारों को भी इस संबंध में अलर्ट किया जाए। साथ ही इन गांवों में पशु मेला का आयोजन नहीं करने और पशु बिचौलियों पर भी निगरानी रखने के निर्देश

कड़ाई से निर्देशों का पालन करने के निर्देश

विभाग के जिला अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करने एवं लम्पी स्कीन रोग के नियंत्रण हेतु जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। रोग ग्रस्त पशुओं को स्वास्थ्य पशुओं से अलग रखने, रोग ग्रस्त जिले एवं रोग ग्रस्त ग्राम से समीपस्थ ग्रामों में गहन सर्वे एवं निगरानी सुनिश्चित करने चिकित्सकीय टीम तैनात करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिन क्षेत्रों में गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं का पालन एक साथ किया जाता है, वहां भैंसवंशीय पशुओं को अलग रखने, पशुगृह का नियमित निर्जन्तुकरण करने, स्वस्थ पशुओं एवं पशुगृह/प्रक्षेत्र में नियमित जूँ, किलनी नाशक दवा का छिड़काव करने को कहा गया है। रोग ग्रस्त पशुओं के संपर्क में आने वाले व्यक्ति को हमेशा ग्लोब्स (दस्ताने) एवं मास्क पहनकर पशुओं के समीप जाना चाहिए। असामान्य बीमारी के लक्षण पाये जाने पर निकटस्थ पशु चिकित्सालय या पशु औषधालय में सूचना दिया जाये। रोग ग्रस्त पशु की मृत्यु होने पर उसे स्वच्छता के सभी नियमों का पालन करते हुये गहरे गड्ढे में चूना डालकर दफनाया जाए।

राजस्थान व गुजरात में कहर बरपा रहा

संचालक पशु चिकित्सा ने जिलों में पदस्थ विभागीय अधिकारियों को प्रेषित अपने पत्र में लिखा है कि राजस्थान एवं गुजरात में गौवंशी पशुओं में लम्पी स्कीन रोग फैलने की जानकारी प्राप्त हुई है। छग राज्य के सभी जिलों में लम्पी स्कीन रोग नियंत्रण हेतु सतर्कता अनिवार्य है। उन्होंने इस रोग के नियंत्रण हेतु रोग ग्रस्त पशुओं का उपचार एवं वेक्टर कंट्रोल हेतु आवश्यक औषधियों एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुये इस वित्तीय वर्ष में उपलब्ध बजट से करने के निर्देश दिए हैं। जिलों में आवश्यकतानुसार लम्पी स्कीन रोक के कंट्रोल हेतु गोट पाक्स वैक्सीन का क्रय इस वित्तीय वर्ष में औषधि हेतु प्रदाय बजट के 20 प्रतिशत राशि से करने को कहा है।

पशु बाजारों को बंद करने का फरमान

लम्पी स्कीन रोग ग्रस्त क्षेत्र के 10 किमी परिधि में आने वाले सभी पशु बाजारों को आगामी आदेश तक बंद करने के भी निर्देश दिए गए हैं। रोग ग्रस्त क्षेत्रों में पशु मेला, पशु प्रदर्शनी, पशु व्यापार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने कहा गया है। यह रोग वेक्टर के माध्यम से फैलता है अतः पशुओं पर एवं पशुगृह/प्रेक्षत्र में वेक्टर नियंत्रण हेतु जूँ, किलनी नाशक छिड़काव करने तथा सघन जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

ट्रेन से भिड़ी कार, एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत, 5 घायल

- पिता-बेटी-बहू ने तोड़ा दम, मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था परिवार
- भगवान शिव का दर्शन कर सोमनाथ से लौट रहा था परिवार

भाटापारा/नवप्रदेश। सड़क हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल है। हादसा कार, के ट्रेन की चपेट में आने की वजह से हुआ। हादसा बलौदाबाजार जिले के सुहेला से लगे हथबंद रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार को देर रात हुआ। जानकारी के मुताबिक, ऑल्टो कार पटरियों पर पहुंची तभी अचानक सामने से ट्रेन आ गई। ट्रेन के इंजन से टकराकर कार दूर गिरी और क्षतिग्रस्त हो गई। कार में 8 लोग सवार थे। घायलों को सुहेला के सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से रायपुर के अंबेडकर अस्पताल रेफ र कर दिया गया। रात में कार के क्षतिग्रस्त हो जाने की वजह से एक बुजुर्ग और महिला का शव अंदर ही फ ंस गया था। उसे मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। जांच में कुछ देर बाद पता चला कि जिस बुजुर्ग और महिला की मौत हुई वो 65 साल के बलौदाबाजार निवासी बाबूलाल देवांगन, उनकी 40 साल की बेटी ईश्वरी देवांगन हैं। घायलों में शामिल बाबूलाल की बहू मंजू की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मंजू का पति योगेश देवांगन भी कार में था। योगेश बाबूलाल का भतीजा है। हादसे में मारे गई ईश्वरी के पति और बाबूलाल के दामाद मालिक राम भी कार में थे। जानकारी के मुताबिक परिवार तिल्दा के सोमनाथ मंदिर में सावन के आखिरी सोमवार को भगवान शिव के दर्शन करके लौट रहा था। कार योगेश ड्राइव कर रहा था। लौटरे हुए बाबूलाल को हिरमी में अपने किसी रिश्तेदार से मिलने का मन किया। उसने योगेश को हिरमी की ओर चलने को कहा और तभी रेलवे ट्रैक पार करते वक्त हादसा हुआ।

मां के साथ आखिरी सफर

कार में बाबूलाल की बहू मंजू अपने दो बच्चों राहुल और दियांश के साथ ही थी। हादसे में इन बच्चों को भी चोट आई है अस्पताल में इलाज चल रहा है। मां के साथ परिवार के बड़े-बुजुर्गों के साथ इन बच्चों ने सोमवार को सफर किया वो शायद जिंदगी में कभी भूल न पाएं, इन बच्चों की मां मंजू को सिर में गंभीर चोट आई थी। हादसे में इन दोनों ने अपनी मां को खो दिया। घटना में बुजुर्ग के दामाद मालिक और अन्य रिश्तेदार कबीर को भी चोट आई है। कार चला रहे योगेश को मामूली खरोंचे आई हैं।

सेंट्रल जेल में कैदी ने लगाई फांसी

अस्पताल वार्ड में शर्ट से लटकता मिला शव

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की सेंट्रल जेल में मंगलवार को एक कैदी ने खुदकुशी कर ली। अपनी ही शर्ट से फंदा बनाकर कैदी ने जान दे दी। यह वारदात जेल के अस्पताल वार्ड में हुई। मानसिक रूप से परेशान कैदी का पिछले कुछ वक्त से इलाज चल रहा था। जेल सुपरीटेंडेंट उत्तम पटेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा महेंद्र जयसवाल नाम के कैदी ने खुदकुशी की है। वह मानसिक रूप से बीमार था। इस वजह से उसे डॉक्टर के ऑब्जर्वेशन में रखा गया था। जेल के रूटीन कामकाज में महेंद्र को शामिल नहीं किया जाता था। अचानक उसने खुदकुशी कर ली है इस घटना की न्यायिक जांच की जाएगी। जेल सूत्रों के मुताबिक महेंद्र जयसवाल अक्सर कोने में बैठ कर खुद से बातें किया करता था। चिड़चिड़ा रवैया होने की वजह से उसे जेल के बाकी कैदियों से अलग रखा गया था। महेंद्र की दिमागी हालत ठीक ना होने की वजह से अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टर्स की भी मदद ली जा रही थी। साल 2018 में बलौदाबाजार से महेंद्र को रायपुर की सेंट्रल जेल लाया गया था। जेल में आने के बाद उसकी तबीयत खराब थी। कसडोल का रहने वाला महेंद्र जायसवाल हत्या के प्रयास मामले में दोषी करार दिया गया था। उसे अदालत ने 14 साल की सजा दी थी। वो सजा रायपुर जेल में रह कर बिता रहा था मगर अब उसने जान दे दी।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी : जादू टोने के शक में की हत्या

तांत्रिक ने कहा-मां-बाप को मार डालो, बीमारी ठीक हो जाएगी और पैसे वाले हो जाओगे

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रायगढ़ जिले के सरिया थाना क्षेत्र के सूरजगढ़ पुल में 1 अगस्त को अज्ञात अधेड़ महिला-पुरूष मिले शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने मृतकों के बेटे व दामाद समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक फरार है। हत्या की वजह जादू-टोने का शक था। एक तांत्रिक के कहने पर दामाद और परिजन ने मिलकर दंपती की हत्या की थी। मारे गए दोनों लोग जशपुर बागबहार के थे। वे रायगढ़ में रहते थे। आरोपी हत्या के बाद शवों को महानदी में फेंक गांव लौट गए थे। एसपी अभिषेक मीना ने बताया शव मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के थानों में फ ोटो भिजवाई थी। सोशल मीडिया के जरिए ओडिशा के सीमावर्ती और आसपास के इलाकों में सूचना भिजवाई थी। तभी पुलिस को पता चला कि मारे गए दंपती 40 साल के सुकरू यादव और 35 साल की मनवती यादव हैं। ये दोनों महेशपुर बागबहार जशपुर के रहने वाले थे। शहर के भगवानपुर में रहकर माली का काम करते थे। इतनी जानकारी मिलने के बाद सरिया पुलिस को पतासाजी के लिए महेशपुर भेजा। पड़ताल में हत्या की वजह और लोगों का सुराग मिला। मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

किराए की बोलेरो से पहुंचे रायगढ़

30 जुलाई को किराए की बोलेरो से रायगढ़ पहुंचे। सभी दंपती के मकान में पहुंचे और कहा कि खुलेश्वर की तबीयत ज्यादा खराब है। साथ चलकर मिल लो। बोलेरो में बैठाकर उन्हें महानदी पुल के पार सरिया भटली रोड तक ले गए। गाड़ी एकांत तरफले गए तो दंपती ने पूछा सुनसान में किधर जा रहे हो। तभी खगेश्वर और शंकर दंपती के हाथ पकड़े और मुंह दबा दिया।

महानदी में लाकर फेंक दी लाश : नाबालिग और दशरथ ने गमछे को फाड़ा और गले में लपेट कर घोंट दिया। रोड किनारे पड़े दो सीमेंट का खम्भों के टुकड़े को रस्सी से बांध बोलेरो से परसरामपुर महानदी पुल के ऊपर पहुंचे और शवों को पुल से फेंक दिया, फिर अपने-अपने घर चले गए।

तांत्रिक ने कहा था- जादू टोना कर दिया है

एक आरोपी ने बताया वे दो भाई और एक बहन है। दंपती रायगढ़ भगवानपुर में रहते थे। वे भाइयों को कुछ नहीं देते थे। गांव में खेती करने वाला भाई खुलेश्वर यादव मानसिक रूप से बीमार हो गया था। उसे लेकर ये लोग सतगुरु आश्रम झीमकी चौकी कोतबा के तांत्रिक छत्रमोहन यादव के पास गए। तांत्रिक बोला लड़के पर माता-पिता ने ही जादू किया है। तुम उनकी हत्या कर दो तो युवक ठीक हो जाएगा और आर्थिक रूप से संपन्न हो जाओगे। आरोपी ने जीजा नरसिंह यादव और चचेरे भाई राजूराम, भोले शंकर, शंकर, खगेश्वर, ईश्वर और दशरथ यादव को साथ लिया और हत्या की योजना बनाई।

नाबालिग, नरसिंह, राजूराम, भोलेशंकर, शंकर, खगेश्वर और ईश्वर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतबा के तांत्रिक छत्रमोहन यादव को षड़यंत्र का आरोपी बनाया गया है।

घर खर्च के लिए पैसे नहीं देने के कारण बेटे ने पिता को मार डाला

- सुरही नदी में मिली थी लाश, हत्या करने के बाद पत्थर बांधकर फेंका

बेमेतरा। बेमेतरा जिले के साजा थाना क्षेत्र के ग्राम अतरझोला में हुए गिरधारी सोनकर (50) हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। हत्यारा कोई और नहीं, बल्कि उसका बेटा ही है। घर खर्च के लिए पैसे नहीं देने और आए दिन झगड़ा करने की बात को लेकर आरोपी पुत्र ने सिर पर कुदाली मारकर अपने पिता की हत्या कर दी थी। कत्ल के बाद लाश की पीठ पर सर्विस तार के जरिए बोल्डर पत्थर बांधकर सुरही नदी में फेंक दिया था। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी दौवा सोनकर (22) अतरझोला (थाना साजा) का रहने वाला है। गांव में सुरही नदी किनारे उसके पिता गिरधारी सोनकर की 10 एकड़ कृषि भूमि है। वारदात वाले दिन 5 अगस्त की शाम को आरोपी दौवा अपने पिता के लिए खाना लेकर खेत गया था। खेत में बने झोपड़ीनुमा कुंदरा के अंदर में अपने पिता गिरधारी के सिर में कुदाली मारकर हत्या कर दी। फिर लाश की पीठ पर सर्विस तार से बोल्डर पत्थर को बांध दिया और खेत के पास सुरही नदी में फेंक दिया था। परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मृतक के परिजन से पूछताछ में इसका खुलासा हुआ। आरोपी दौवा सोनकर के निशानदेही पर कुदाली, पत्थर, सर्विस वायर जब्त किया गया है।

आरोपी को भेजा जेल : वारदात 5 अगस्त की रात 8 बजे की है। हत्या के तीसरे दिन 7 अगस्त को सुरही नदी में गिरधारी की लाश मिली। इस दौरान आरोपी दौवाराम पुलिस को लगातार गुमराह करते रहा। आरोपी ने बताया कि वारदात वाली सुबह 8 बजे वह अपने पिता के लिए खाना पहुंचाने खेत गया था। तब उसके पिता ने कहा था कि घर में सब बीमार हैं। इलाज के लिए लकड़ी बेचा हूं, उसका पैसा लेने बरगड़ा जाने की बात कही थी। उस रात गिरधारी घर नहीं पहुंचा। दूसरे दिन खाना छोड़ने खेत गया, तब भी गिरधारी वहां नहीं था। इसके बाद खोजबीन शुरू हुई। 7 अगस्त की सुबह नदी में लाश मिली थी। मामले में आरोपी दौवाराम को धारा 302, 201 के तहत कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेजा गया है।

आदिवासी समाज को अधिकार दिलाने हरसंभव प्रयास कर रही भूपेश सरकार : विनोद

- विश्व आदिवासी दिवस पर क्षेत्रवासियों को संसदीय सचिव ने दी बधाई

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विश्व आदिवासी दिवस पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भूपेश सरकार आदिवासियों के हकों और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार आदिवासी समाज को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकार देने के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि आदिवासी समाज सहित सभी लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर से बेहतर अवसर उपलब्ध हों और छत्तीसगढ़ की संस्कृति आगे बढ़े, और अधिक समृद्ध राज्य सरकार द्वारा नदी-नालों में वाटर रि-चार्जिंग के लिए नरवा योजना का संचालन वन विभाग के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए राज्य सरकार ने मंत्रिमण्डलीय उप समिति एवं मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के सचिवों की उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि जनजातियों की प्राचीन कला और संस्कृति छत्तीसगढ़ की अनमोल धरोहर है।

अरुण साव के अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई

- विष्णुदेव ने कहा- बेहतर विकल्प साबित होंगे-साव, पूर्व सीएम डॉ रमन ने कहा- संगठन और मजबूत होगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा ने अपने नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण साव को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा है कि अब प्रदेश भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा। अरुण साव संगठन क्षमता के धनी हैं और कार्यकर्ताओं से निकट से जुड़े हैं। छात्र जीवन से ही वे अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए भाजपा संगठन के विभिन्न उत्तरदायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते रहे हैं। उनके संगठन नेतृत्व में भाजपा अपना लक्ष्य हासिल करेगी। निवर्तमान अध्यक्ष विष्णुदेव साय का कार्यकाल अच्छा रहा। उनके नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ की जनविरोधी कांग्रेस सरकार के विरुद्ध व्यापक संघर्ष किया है। आगे के संघर्ष की जिम्मेदारी अरुण साव को मिली है। उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि पूरे कार्यकाल में संगठन की मजबूती के लिए काम किया। वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन के साथ ही कार्यकर्ताओं का आत्मीय सहयोग मिला। श्री साय ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिले मार्गदर्शन व सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण साव को बधाई देते हुए कहा कि साव बेहतर संगठक हैं। उनकी योग्यता का लाभ पार्टी को मिलेगा।

विष्णुदेव के नेतृत्व में व्यापक संघर्ष किया

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण साव को बधाई देते हुए कहा है कि संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा ने छत्तीसगढ़ की जनविरोधी कांग्रेस सरकार के विरुद्ध व्यापक संघर्ष किया है। आगे की जिम्मेदारी अरुण साव को मिली है।

संगठन में परिवर्तन सामान्य प्रक्रिया है

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि संगठन में परिवर्तन सामान्य प्रक्रिया है। विष्णुदेव साय ने संगठन की मजबूती के लिए कुशलता से काम किया है। अब अरुण साव के रूप में एक और ऊर्जावान नेतृत्व को सामने लाया गया है। जिसका लाभ पार्टी को मिलेगा।

भाजपा अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने विष्णुदेव साय के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष श्री साव को जो दायित्व पार्टी ने सौंपा है, उसमें हर एक कार्यकर्ता पूरी क्षमता से सहयोग करेगा और भाजपा अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज बुलंद करते हुए प्रदेश सरकार के विरुद्ध संघर्ष किया हैं, कार्यकर्ताओं के साथ हम सभी जनविरोधी कांग्रेस सरकार के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाएंगे।